उज्जैन
मंगलवार
07
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-244
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 पत्नी को मारने के लिए 620 किमी दूर से कोबरा खरीद लाया
7 सैमसन जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर, सूर्यवंशी को फिर मौका




## पंजाब कांग्रेस में कलह, राहुल गांधी आज विदेश से लौटेंगे



**लुधियाना।** पंजाब कांग्रेस में चुनाव से 8 महीने पहले नेताओं में कलह तेज हो गई है। पूर्व सीएम व जालंधर सांसद मौजूदा प्रधान राजा वड़िंग की बयानबाजियों का डोजियर लेकर दिल्ली पहुंच गए हैं। वहां वे सांसद सुखजिंदर रंधावा, प्रगट सिंह समेत अन्य नेताओं के साथ कांग्रेस हाईकमान से मिलेंगे। राहुल गांधी आज विदेश से लौट रहे हैं। वहीं राजा वड़िंग ने भी तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर चन्नी की मीटिंग को वह यूनिटी ऑफ स्ट्रेंथ (एकता की ताकत) बता रहे और उनके समर्थकों पर एक्शन भी शुरू कर दिया है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने 4,800 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट अपनी टोटल वर्कफोर्स में करीब 2.1% की कटौती कर रही है, जिसके तहत लगभग 4,800 कर्मचारियों की छंटनी की जाएगी। टेक इंडस्ट्री में चल रही छंटनी के बीच विंडोज बनाने वाली इस दिग्गज कंपनी ने यह फैसला अकइंफ्रास्ट्रक्चर पर भारी खर्च और बिजनेस में एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए लिया है। बिग टेक कंपनियों का अकपर खर्च इस साल 700 बिलियन डॉलर से ज्यादा होने की उम्मीद है। इसके चलते कंपनियों पर इनवेस्टमेंट का रिटर्न दिखाने और टेक्नोलॉजी को लागू करने में आ रही भारी लागत को कम करने का दबाव बढ़ रहा है।

## हाथी दांत रखने के मामले में घिरे मोहनलाल



**नई दिल्ली।** मलयालम एक्टर मोहनलाल ने केरल वन विभाग के सामने 10 हाथी के दांत और हाथी दांत से बनी 13 मूर्तियां घोषित की हैं। यह घोषणा एक्टर ने सरकार की एमनेस्टी (माफी) योजना के तहत की है। मोहनलाल पर हाथी दांत गैर-कानूनी तरीके से रखने का 15 साल पुराना मामला चल रहा है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक इन सभी मूर्तियों का कुल वजन करीब 46 किलोग्राम है, जिनमें भगवान कृष्ण, राम और तिरुपति बालाजी की मूर्तियां शामिल हैं। एक्टर ने कहा कि यह चीजें उन्हें विरासत या तोहफे में मिली थीं।

## ओपेक प्लस के फैसले से क्रूड ऑयल के दाम एक प्रतिशत तक फिसले

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को करीब एक प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली है और इसकी वजह होर्मुज स्ट्रेट खुलने के बाद तेल उत्पादक देशों की ओर से कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाना है। अंतरराष्ट्रीय कच्चा तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.76 प्रतिशत या 55 सेंट गिरकर 71.55 डॉलर प्रति बैरल पर, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड लगभग 1 प्रतिशत या 68 सेंट गिरकर 69 डॉलर प्रति बैरल से नीचे ट्रेड कर रहा था. तेल की कीमतों में यह गिरावट ओपेक प्लस के अगस्त के लिए प्रोडक्शन टारगेट बढ़ाने पर सहमत होने के बाद आई, जिससे कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति की कमी को लेकर चिंताएं कम हुईं।

## 'काला हिरण' फिल्म प्रोड्यूसर को जान से मारने की धमकी



**दतिया।** मध्यप्रदेश के दतिया में फिल्म 'काला हिरण' के प्रोड्यूसर अमित जानी को पाकिस्तान के नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। आरोप है कि खुद को पाकिस्तानी आतंकी बताने वाले शहजाद भट्टी ने वाट्सएप पर ऑडियो-वीडियो भेजकर फिल्म रिलीज नहीं करने की चेतावनी दी। धमकी में कहा गया कि अगर फिल्म रिलीज हुई तो उन्हें बम से उड़ा दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, नोएडा निवासी अमित जानी श्री पीतांबरा पीठ मंदिर में दर्शन करने दतिया आए थे।

## टिकट जांच अभियान से 3 माह में ही 21 करोड 78 लाख रुपए से अधिक की हुई कमाई

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जाँच अभियान के उत्कृष्ट परिणाम सामने आए हैं। जिसने रेल मंडल के खजाने को भर दिया है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के तीन माह (1 अप्रैल 2026 से 30 जून) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 2 लाख 54 हजार से अधिक अनियमित,बिना टिकट एवं अनबुक्ड लगेज यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 21 करोड़ 78 लाख रुपये से अधिक का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ।

# भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा इंडोनेशिया

### ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुई अस्त्र मिसाइल की भी डील, भारतीय मदद से बनेगी ईवीएम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जकार्ता



**दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक में कई अहम समझौते हुए**

भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस डील पर मुहर लग गई है। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट देगा। फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया इसे खरीदने वाला दूसरा देश बना है। पीएम मोदी ने मंगलवार को जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बैठक में कई अहम समझौते हुए। इंडोनेशिया ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल भारतीय 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल खरीदने का भी फैसला किया है।

इसके अलावा भारत इंडोनेशिया के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) विकसित करने में मदद करेगा। इसे भारत की चुनावी व्यवस्था पर भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंडोनेशिया दौरे का आज दूसरा दिन है। जकार्ता में मंगलवार सुबह मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उन्हें गले भी लगाया। पीएम दिन में इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन भी जाएंगे। 9वीं शताब्दी में बना यह मंदिर भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा को समर्पित है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है।

## पीएम मोदी के लिए लगेगा 2 करोड़ का टेंट चंडीगढ़ में 17 जुलाई को प्रस्तावित दौरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित चंडीगढ़ दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया जाना है। इसके लिए सोमवार को प्रशासन के विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों ने एक ही दिन में 8 अलग-अलग टेंडर जारी किए। इनमें सबसे बड़ा टेंडर करीब 2.02 करोड़ रुपए का है, जो टेंट और कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी व्यवस्थाओं के लिए जारी किया गया है। इसके अलावा लाइटिंग, बिजली, कैमरे और अन्य सुविधाओं के लिए भी अलग-अलग टेंडर निकाले गए हैं। चंडीगढ़ दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तैयार किए गए कालका, मोहाली, अंब अंदौरा और आनंदपुर साहिब समेत चार आधुनिक रेलवे स्टेशनों को भी समर्पित किया जाएगा। प्रधानमंत्री चंडीगढ़ से इन स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे।

## एक्टिवा के लिए खरीदा 8.52 लाख रु. का वीआईपी नंबर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालंधर

जालंधर में फैंसी नंबरों का क्रेज किसी से छिपा नहीं है। रीजनल परिवहन कार्यालय की ओर से आयोजित ऑनलाइन ई-ऑक्शन में इस बार पीबी 08 जीए सीरीज के 0001 नंबर के लिए सबसे अधिक 8 लाख 52 हजार 500 रुपए की बोली लगी। यह नंबर किसी लग्जरी कार नहीं, बल्कि एक्टिवा के लिए खरीदा गया है। अभी एक्टिवा का ऑन रोड प्राइस करीब 1.10 लाख रुपए है। यानी बोली लगी रकम से करीब 8 एक्टिवा खरीदी जा सकती थीं। वहीं, ई-ऑक्शन में 0007 नंबर 3 लाख 11 हजार रुपए, 0005 नंबर 2 लाख 83 हजार रुपए, 0008 नंबर 2.50 लाख रुपए, जबकि 0002, 0003, 0006 और 0009 नंबर 2-2 लाख रुपए में बिके।



### 000 सीरीज के नंबर लाखों रुपए में बिक रहे

पिछले महीनों से लगातार 000 सीरीज के नंबर लाखों रुपए में बिक रहे हैं। हालांकि ऑक्शन में 8 लाख रुपए से ज्यादा कीमत में भी नंबर बिके हैं, लेकिन पिछले महीनों के मुकाबले यह ऑक्शन सबसे बेहतर रहा। इससे पहले पीबी 08 एफजेड सीरीज का 0001 नंबर 8 लाख 61 हजार रुपए में नीलाम हुआ था।

### महिलाओं की सहकारी समितियों के गठन में अग्रणी बनेगा मध्यप्रदेश

# उज्जैन की महिलाओं को भी मिलेगा सीधा लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार एक नई पहल करने जा रही है। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा अग्रणी राज्य बनेगा, जहां बड़े स्तर पर महिलाओं की सहकारी समितियों (सोसायटियों) का गठन किया जाएगा। इस अभिनव योजना की शुरूआत अगले माह से होगी, जिससे प्रदेशभर की महिलाओं के साथ-साथ उज्जैन जिले की महिलाओं को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है।

सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सहकारिता आंदोलन से जोड़ते हुए उन्हें स्वरोजगार, लघु उद्योग, कृषि आधारित गतिविधियों, डेयरी, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य आयवर्धक कार्यों के लिए संगठित करना है। महिलाओं की अपनी सहकारी समितियां बनने से उन्हें आर्थिक संसाधनों तक आसान पहुंच, प्रशिक्षण, ऋण सुविधाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी तरीके से मिल सकेगा।

- उज्जैन जिले में भी बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह और महिला संगठन सक्रिय हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इन समूहों को सहकारी समितियों के रूप में विकसित करने का अवसर मिलेगा। इससे जिले की ग्रामीण और शहरी महिलाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे तथा वे अपने उत्पादों के विपणन और व्यवसाय के विस्तार में अधिक सक्षम बन सकेंगी।
- सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किए बिना प्रदेश के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी सोच के तहत महिलाओं के लिए अलग सहकारी समितियों के गठन का निर्णय लिया गया है। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी और मध्यप्रदेश को देश में एक नई पहचान दिलाएगी।

## यूपी एसटीएफ ने बदमाश आसिफ अली को मार गिराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अंबेडकरनगर





यूपी एसटीएफ ने अंबेडकरनगर में बदमाश आसिफ अली (40) को मंगलवार सुबह 4 बजे एनकाउंटर में मार गिराया। एसटीएफ ने उसे घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में सीने में दो गोली लगने से वह ढेर हो गया। मुठभेड़ जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर जगदीशपुर गांव के पास हुई।

आसिफ छैमार गैंग का सरगना था। पति-पत्नी समेत 6 हत्याओं में वांटेड था। बदमाश रात के वक्त कच्छा बनियान पहनकर अपने गुर्गों के साथ घर में घुसकर लूट की वारदात करता था। वह परिवार को बंधक बनाता था। डकैती के बाद हत्या कर-के भाग जाता था। फिर नाम बदलकर दूसरे राज्य और जिले में छिप जाता था। उसने जितनी भी वारदातें कीं, लगभग सभी का यही पैटर्न था। नोएडा एसटीएफ यूनिट के एडिशनल एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया- जौनपुर में डकैती डालकर दो महिलाओं की हत्या कर दी थी। 3 और लोगों पर भी जानलेवा हमला किया था, लेकिन उनकी जान बच गई थी। तब उस पर जौनपुर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। उसके खिलाफ यूपी, राजस्थान और हरियाणा में 20 मुकदमे दर्ज थे।

## चीन में भूस्खलन से 33 लोग दबे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चीन

चीन के पश्चिमी गांसू प्रांत के पहाड़ी इलाके में मंगलवार को हुए भूस्खलन में 33 लोग मलबे में दब गए। सरकारी मीडिया के मुताबिक, अब तक 17 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि 16 लोग अब भी लापता हैं। राहत और बचाव अभियान जारी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, सेंट्रल चीन के हुबेई प्रांत में सोमवार रात आए तेज तूफान और आंधी-बारिश से कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 275 लोग घायल हुए हैं। एक व्यक्ति अब भी लापता है। मौसम विभाग के मुताबिक, कई इलाकों में 149 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवाएं चलीं। अगले 24 घंटे में 260 मिमी तक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है, जिससे भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बना हुआ है। चीन के मौसम विभाग ने सुपर टाइफून 'बावी' को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। यह तूफान 290 किमी/घंटा तक की रफ्तार वाली हवाओं के साथ प्रशांत महासागर से ताइवान की ओर बढ़ रहा है।

## महाराष्ट्र के नासिक में बादल फटने की चेतावनी

### त्र्यंबकेश्वर मंदिर बंद, 24 घंटे में 300एमएम बारिश का अनुमान, रत्नागिरी में लैंडस्लाइड, मकान ढहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक और त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में 300 मिमी तक बारिश का रेड अलर्ट घोषित किया है। नासिक में बादल फटने की आशंका भी जताई है।

नासिक के सभी स्कूल और कॉलेजों में आज छुट्टी घोषित की गई है। वहीं, त्र्यंबकेश्वर मंदिर और साढ़े तीन शक्तिपीठों में शामिल सप्तश्रृंगी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आज बंद रहेंगे।

रत्नागिरी जिले के शेलारवाड़ी में बारिश के कारण लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में आने से एक मकान का हिस्सा ढह गया। एक महिला को मलबे से सुरक्षित निकाला गया। वहीं, दो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है। इधर, जम्मू-कश्मीर के डोडा में भारी बारिश के बाद अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का पानी, पत्थर और मलबा रिहायशी इलाकों में घुस गया। कई मकानों और गाड़ियों को नुकसान हुआ। सड़कों पर मलबा भर गया। वहीं, राजस्थान के जोधपुर, पाली, जालोर, बाड़मेर में सोमवार को 3 इंच बारिश हुई। जोधपुर में बारिश के बाद हाईवे पर पानी भर गया।

## बंगाल गैंगरेप मर्डर- मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

बंगाल पुलिस ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 12 साल की लड़की के रेप और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान आनंद सरदार के तौर पर हुई है। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर उसे शहर के बाजार इलाके से पकड़ा। इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या तीन हो गई है। मामले की जांच के लिए 6 लोगों की एसआईटी बनाई गई है। मासूम 4 जुलाई को लापता हुई थी। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि मासूम सहेली के लिए गिफ्ट खरीदने निकली थी।

जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिवार ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। बाद में रविवार को उसकी लाश सूर्यपुर हाट इलाके के तालाब में मिली थी। उसके सिर पर चोट के निशान थे। पोस्टमॉर्टम में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने रेप के बाद उसे जिंदा ही तालाब में फेंका था। उसके फेफड़ो और पेट में पानी मिला। डूबने और ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

# तेलंगाना में नर्स ने पति को ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर डालकर मारा

### एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था, छत से धक्का भी दिया था लेकिन बच गया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ निजामाबाद

तेलंगाना में एक नर्स ने प्रेमी के साथ मिलकर 35 साल के पति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, महिला ने 30 जून को पति को छत से धक्का देकर मारने की कोशिश की थी। जब वह बच गया तो अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी नस में लगी ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर इंजेक्ट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला 32 साल की संध्या, उसके प्रेमी अनिल और उसके दोस्त वेंकट साई को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह हत्या पहले से रची गई साजिश का हिस्सा थी, जिसकी वजह संध्या का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। यह पूरी घटना निजामाबाद जिले के मोपाल मंडल के न्यालाकल गांव की है। इसकी खबर सोमवार को सामने आई।

### इलाज के दौरान टॉयलेट क्लीनर लगाया

जांच में सामने आया कि संध्या एक निजी अस्पताल में नर्स के रूप में काम कर चुकी है। पुलिस का आरोप है कि उसने अपने मेडिकल नॉलेज का इस्तेमाल करते हुए इलाज के दौरान पति की ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर और एनेस्थीसिया इंजेक्ट कर दिया।



**मां को हुआ शक-** प्रशांत की मौत के बाद उनकी मां को घटना पर संदेह हुआ। उन्होंने 1 जुलाई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों से पूछताछ की, जिसमें साजिश का खुलासा हुआ। असली राज तब खुला जब शव का पोस्टमॉर्टम हुआ। पुलिस की पूछताछ में संध्या ने सच कबूल कर लिया। पुलिस ने पत्नी संध्या और उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में वेंकट साई ने भी पहली हत्या की कोशिश में अपनी भूमिका स्वीकार की है। पुलिस ने संध्या, अनिल और वेंकट साई को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### पहले छत से धक्का दिया, लेकिन प्रशांत बच गया था

- पुलिस के मुताबिक, प्रशांत हाल ही में खाड़ी देश से लौटा था। वह किस देश में था, यह जानकारी नहीं मिली। वापस आने पर उसे संध्या के अफेयर के बारे में पता चला तो उनमें झगड़े होने लगे।
- 30 जून को तीनों आरोपियों ने प्रशांत को पहले खूब शराब पिलाई। फिर मारपीट कर घर की छत से नीचे धक्का दे दिया। हालांकि, गंभीर चोटों के बावजूद प्रशांत की जान बच गई। आरोपियों ने उन्हें यह कहकर अस्पताल पहुंचाया कि वह नशे की हालत में खुद गिर गए थे।



# शिप्रा आरती के लाउडस्पीकर जब्त करने का कड़ा विरोध

## यंग ब्रिगेड अध्यक्ष हर्ष जैन ने प्रशासन की कार्रवाई को बताया अनुचित, पंडा समिति की नाराजगी का किया समर्थन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रामघाट पर मोक्षदायिनी शिप्रा की आरती के दौरान बजने वाले लाउडस्पीकर जब्त करने की प्रशासनिक कार्रवाई का अब कड़ा विरोध शुरू हो गया है। उज्जैन कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष हर्ष जैन ने प्रशासन के इस कदम की निंदा करते हुए इसे धार्मिक कार्यों में सीधा व्यवधान करार दिया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल ध्वनि यंत्र वापस लौटाकर आरती पूर्ववत सुचारू कराने की मांग की है।



हर्ष जैन ने कहा कि कुछ दिन पूर्व दो पंडितों और दीपक बेचने वाली महिलाओं के बीच हुए आपसी विवाद का खामियाजा पूरी आरती परंपरा और श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था संभालने के बजाय बुधवार सुबह सीधे आरती स्थल से लाउडस्पीकर जब्त कर लिए। जैन ने श्री क्षेत्र पंडा समिति के अध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी आमवाला पंडा की बात का समर्थन करते हुए कहा कि जब उस विवाद से पंडा समिति का कोई लेना-देना ही नहीं था, तो प्रशासन की यह कार्रवाई एकतरफा और दुर्भावनापूर्ण है।

### मूल समस्याओं से ध्यान भटका रहा प्रशासन

कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड अध्यक्ष जैन ने आरोप लगाया कि प्रशासन शिप्रा में बढ़ते प्रदूषण और घाटों पर अवैध अतिक्रमण जैसे गंभीर मुद्दों पर पूरी तरह मौन है। तीर्थ पुरोहित पिछले दो महीने से घाटों पर अवैध रूप से सामग्री बेचने वालों और कागज के दोनों व फूलों से हो रहे प्रदूषण की शिकायत कर रहे हैं। यदि प्रशासन समय रहते अतिक्रमण हटाता, तो घाट पर विवाद की स्थिति ही नहीं बनती। जैन ने कहा कि पंडा समिति द्वारा गुरुवार को बुलाई गई आपातकालीन बैठक और उनकी आगामी रणनीति के साथ कांग्रेस सेवादल खड़ा है। प्रशासन को तुरंत अपनी गलती सुधारते हुए लाउडस्पीकर वापस करने चाहिए।

## खबर एक नजर...

### गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर पहली बार होंगे गुलाबी घटा के दर्शन

**उज्जैन।** पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर 7 जुलाई, मंगलवार को नौका विहार, मोगरा एवं आम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को पहली बार बाबा गुमानदेव के गुलाबी घटा के आकर्षक दर्शन होंगे। गादीपति पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे बाबा गुमानदेव का पंचामृत पूजन और अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात बाबा को आकर्षक गुलाबी पोशाक धारण कराई जाएगी। आयोजन के तहत संपूर्ण मंदिर परिसर और प्रतिमाओं का मोगरे के पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महोत्सव के दौरान बाबा का नौका विहार भी होगा। साथ ही भगवान को विभिन्न प्रकार के आमों का नैवेद्य लगाया जाएगा। रात्रि 8.30 बजे महाआरती की जाएगी। मंदिर समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेने का आग्रह किया है।

### पौधे लगाना ही काफी नहीं, एक वृक्ष का पालक बनकर संरक्षण का लें संकल्प

**उज्जैन।** शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति द्वारा नानाखेड़ा स्थित दीप ज्योति सेवा उद्यान (आकाशवाणी के सामने) में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित उज्जैन के निर्माण का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सतिंदर कौर सलूजा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष का पालक बनकर उसके संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने 'सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम' का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमआईसी सदस्य दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी ने आह्वान किया कि हर शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे वृक्ष बनने तक सहेजें। कार्यक्रम संयोजिका प्रीति गोयल और उनकी टीम के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दिलीप गोयल, मुदित गोयल, अविनाश गुप्ता, केके मित्तल, शैलेंद्र चित्रांशी, संजय शिंदे, देवेंद्र पाठक, राम सिंह चौधरी, नैतिक जोशी, भरत बैंडवाल, वीणा मित्तल, संतोष गुप्ता, ममता चित्रांशी और रेखा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति गोयल ने किया तथा आभार दिलीप गोयल ने माना।

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केशव नगर मंडल की कार्यकारी बैठक मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में वक्ताओं ने संगठन की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के साथ ही कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। मीडिया प्रभारी नंदन चावड़ा ने बताया कि बैठक में नगर निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल जाटवा और महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रमिला यादव मुख्य रूप से उपस्थित थीं। इनके अलावा मंडल प्रभारी उमेश सेंगर, नगर मंत्री जितेंद्र कृपलानी व सुभाष वैद्य, मंडल महामंत्री कपिल टाक व संतोष कोलवाल, गोपाल बलवानी, शैलेंद्र, कालू यादव सहित बड़ी संख्या में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गान के साथ हुआ।

### जनरल इंश्योरेंस वेलफेयर ऑॅगेनाइजेशन के प्रदेश सचिव बने उज्जैन के विकास राजपुरोहित

**उज्जैन।** जनरल इंश्योरेंस वेलफेयर ऑॅगेनाइजेशन की मध्यप्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव शहर के होटल प्रतिकल्पा में संपन्न हुए। इसमें भोपाल के मनोज श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष और उज्जैन के विकास राजपुरोहित को प्रदेश सचिव चुना गया है। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि संगठन के बिना अभिकर्ता अधूरे हैं और आज के समय में इसकी महती आवश्यकता है। यह चुनाव कोलकाता से आए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोर गोपाल घोष व सह सचिव संदीप दत्ता और उत्तर प्रदेश से आए राष्ट्रीय संगठन सचिव के.एन. चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुए। नई कार्यकारिणी में भोपाल के अनिश द्विवेदी को कोषाध्यक्ष, प्रदेश संगठन सचिव अजय पाल सिंह को बनाया गया है। वहीं जबलपुर के गोरेलाल यादव, विकास जिंदल, संतोष शर्मा और राजेश जैन को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदीप जैन को सह सचिव बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का भी मनोनयन किया गया।

### 8 जुलाई को होगा 16वां पंडित ओम व्यास स्मृति समारोह

**उज्जैन।** हास्य-व्यंग्य के प्रख्यात पंडित ओम व्यास 'ओम' की स्मृति में 16वां सम्मान समारोह 8 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'ओम व्यास ओम स्मृति झालमुड़ी हास्य सम्मान' इंदौर के कवि प्रदीप नवीन को और 'धुरंधर व्यंग्य अलंकरण' रतलाम के जुझार सिंह भाटी को प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक स्वामी मुस्कुराके, शैलेंद्र व्यास और कवि सुरेंद्र सर्किट ने बताया कि यह गरिमामय समारोह बुधवार सुबह 9 बजे तरणताल स्थित राधा पार्क में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मालवी हास्य कविताओं की विशेष प्रस्तुति होगी।

## गरीबों की स्वास्थ्य सेवा के लिए जामा इस्लामिया स्कूल परिसर में लगा निशुल्क मेडिकल कैंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सब्जी मार्केट स्थित जामा मस्जिद परिसर में जामेआ इस्लामिया हायर सेकेंडरी स्कूल मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी द्वारा रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी वसीम मोहम्मद एवं लालू चाचा ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा भाव के साथ इस निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना नजीर अहमद साहब, शाही मस्जिद के इमाम मौलाना इब्राहिम साहब, हजरत गब्बू बाबा साहब, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, फैज मोहम्मद साहब, शकील सर, जाहिद हुसैन, डॉ. हुसैन (फ्रीगंज) तथा जुबैर भाई उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का संस्था की ओर से शॉल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। शिविर में अमृत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के चिकित्सकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के ऑपरेशन भी अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क किए जाएंगे। साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने व्यस्त समय में भी जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर सराहनीय कार्य किया है। बढ़ती महंगाई के कारण कई लोग समय पर स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते, जिससे गंभीर बीमारियां बढ़ जाती हैं। ऐसे शिविर लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। उन्होंने स्वयं भी स्वास्थ्य जांच कराई और इस जनसेवा कार्य के लिए संस्था को बधाई दी।

# हाथ में बिल्व का पौधा लेकर महाकाल दरबार तक दंडवत यात्रा करेंगे 'ट्रीमैन' विष्णु लाम्बा

### 8 जुलाई को महामृत्युंजय द्वार से शुरू होगी यात्रा, पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का देंगे संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से 'ट्रीमैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् विष्णु लाम्बा 8 जुलाई को उज्जैन पहुंचेंगे। बुधवार को शहर की सीमा स्थित महामृत्युंजय द्वार से वे हाथ में भगवान शिव को प्रिय बिल्व का पौधा लेकर श्री महाकालेश्वर मंदिर तक दंडवत यात्रा करेंगे।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी का बोध कराना और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना है। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को भी गति देगी। भगवान शिव को प्रकृति संरक्षण का सर्वोच्च प्रतीक मानते हुए यह संदेश दिया जाएगा कि शिव की जटाओं में गंगा जल संरक्षण, गले में नाग जैव विविधता, नंदी पशु संरक्षण, बाघम्बर वन्यजीव संरक्षण और भस्म पंचतत्वों की महत्ता का प्रतीक है।

गौरतलब है कि विष्णु लाम्बा मध्य प्रदेश शासन के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में ब्रांड एंबेसडर रह चुके हैं। इसी अभियान के तहत इंदौर में मात्र 12 घंटे में 12 लाख पौधारोपण का विश्व कीर्तिमान बना था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे पर्यावरण संरक्षण अभियानों से प्रेरणा लेकर यह यात्रा आयोजित की जा रही है। उज्जैन आगमन पर पर्यावरण प्रेमियों एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा।

आगामी सिंहस्थ 2028 और श्री कल्पतारु संस्थान द्वारा श्रावण से महाशिवरात्रि तक चलाए जाने वाले 'सवा लाख बिल्व वृक्ष अभियान' को लेकर लाम्बा गुरुवार को पत्रकार वार्ता करेंगे। इस अभियान के तहत महाकाल के हर दर्शनार्थी से एक बिल्व का पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जयपुर में होने वाले पर्यावरण महाकुंभ का निमंत्रण भी भेजा जाएगा।

## 84 महादेव निःशुल्क दर्शन यात्रा 2 अगस्त से, नानाखेड़ा से निकलेगा पालकी चल समारोह



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में चतुर्थ 84 महादेव निःशुल्क दर्शन यात्रा का आयोजन 2 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ 2 अगस्त को नानाखेड़ा से ढोल-ढमाकों के साथ पालकी दर्शन और चल समारोह के रूप में होगा। आयोजन की रूपरेखा तय करने को लेकर हाल ही में समाजजनों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। दीपक बेलानी ने बताया कि यह यात्रा प्रेरणास्त्रोत महेश परियानी के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ललित लुल्ला और शेशांत चंदेरिया को आयोजक बनाया गया है। धर्मप्रेमी जनता से इस यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है। यात्रा में शामिल होने के लिए शहर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। आयोजन को लेकर हुई बैठक में विशेष रूप से अरविंद जैन, रमेश गजरानी, प्रीति धानक, महेश गंगवानी, गौरव धाकड़, राजकुमार परसवानी, दीपा वासवानी, ज्योति थानी, हितेश तिवारी, दीपक पांचाल, गौरव पंवार, लोकेश सोनगरा, कमल शाहलानी, अनोखीलाल ऊंधेरी, चंद्रभान सिंह ठाकुर, महेंद्र कटिहार, राजेश लश्करी, खुशी लश्करी और नितिन वासवानी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# अनुकंपा वाले बन रहे उपयंत्री, डिग्रीधारी कर्मचारियों की उपेक्षा

### कार्यभारित कर्मचारियों को भी विभागीय डीपीसी में शामिल करने की उठाई मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में अनुकंपा के आधार पर लगे नियमित स्थापना के चतुर्थ और तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को उपयंत्री बनाया जा रहा है, जबकि पिछले 25-30 वर्षों से सेवाएं दे रहे उच्च शिक्षित डिग्री व डिप्लोमाधारी कार्यभारित कर्मचारियों की उपेक्षा हो रही है। इस भेदभाव के विरोध में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने विभाग के प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपकर कार्यभारित कर्मचारियों को भी विभागीय परीक्षा में शामिल करने की मांग की है। संघ ने बताया कि विभाग में 25 से 30 वर्षों से उच्च वेतनमान में कार्यरत डिग्री एवं डिप्लोमाधारी कर्मचारी उपयंत्री एवं उसके समकक्ष कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों की उपेक्षा कर विभाग ने 2012 की भांति पुनः नियमित स्थापना के कर्मचारियों को उपयंत्री बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। आगामी विभागीय डीपीसी और परीक्षा से वंचित होने के कारण कार्यभारित कर्मचारियों के उत्साह में कमी और कुंठा का भाव उत्पन्न हो रहा है। इससे आगामी समय में विधिक संकट भी उत्पन्न हो सकता है। इसे देखते हुए मांग की गई है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लगभग 60 से 70 कार्यभारित कर्मचारियों को भी विभागीय परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाए।

संघ के अनुसार दिसंबर 2025 में आयोजित कैबिनेट बैठक में कार्यभारित कैडर को समाप्त कर उन्हें नियमित मान लिया गया था, लेकिन पदोन्नति सूची में शामिल न किया जाना वर्तमान में छलावा प्रतीत हो रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के 17 जून 2006 के परिपत्र में भी इस संबंध में अनुशंसा की गई थी, परंतु विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। खुली एवं स्वच्छ प्रतिस्पर्धा हेतु कार्यभारित कर्मचारियों को शामिल करने के लिए मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर संगठन द्वारा भी प्रमुख सचिव एवं प्रमुख अभियंता से कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

# लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक की नई टीम ने संभाला जिम्मा, 75 सदस्यों का हुआ सेवा सम्मान

### अमित जुल्का बने अध्यक्ष व विपुल सहगल सचिव, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय सक्सेना ने दिलाई शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक का वार्षिक सेवा सम्मान एवं संस्थापन समारोह रविवार रात देवास रोड स्थित होटल श्री गंगा में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एवं संस्थापन अधिकारी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय संजय सक्सेना ने सत्र 2026-27 की नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

संस्थापन समारोह में अमित जुल्का ने अध्यक्ष, विपुल सहगल ने सचिव और राजेश श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ लेकर दायित्व ग्रहण किया। अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि संजय सक्सेना ने कहा कि लायंस क्लब्स इंटरनेशनल विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्था है। प्रत्येक सदस्य का दायित्व है कि वह तन, मन और धन से समाजहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे।

विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने क्लब द्वारा वर्षभर किए गए नेत्रदान, देहदान, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लायनवाद सेवा कार्यों के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने का सशक्त माध्यम भी है। समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष रविन्द्र वी. मुले ने अपने कार्यकाल में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्लब के 75 सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके सहयोग के लिए आभार जताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित जुल्का ने अपने संबोधन में बताया कि आगामी सत्र में सेवा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कई जनकल्याणकारी परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। समारोह में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. अजय गुप्ता, जोन चेयरपर्सन पूनम जुल्का, लायंस ऑफ उज्जैन समन्वयक डॉ. गौतम शर्मा, श्रीकांत वैशम्पायन सहित शहर के विभिन्न लायंस क्लबों के पदाधिकारी एवं सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अजय जुल्का थे।

# कबीर प्राकट्य दिवस पर निकली शोभायात्रा, विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## कोली समाज के आयोजन में प्राचीन अखाड़े के कलाकारों ने किया प्रदर्शन, शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए पुरस्कृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोली कोठार समाज पंचायत के तत्वावधान में सदगुरु कबीर साहब के प्राकट्य दिवस पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान समाजजनों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर कबीर साहब के आदर्शों और संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। आयोजन के समापन पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

समाज के पदाधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि शोभायात्रा गांधी बालोद्यान क्षीरसागर से प्रारंभ हुई। यह कुशलपुरा, बहादुरगंज, मालीपुरा, दौलतगंज, नई सड़क और आर्य समाज मार्ग होते हुए डॉक्टर राजेंद्र जैन सभागृह क्षीरसागर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा मार्ग पर प्राचीन अखाड़ा बहादुरगंज के कलाकारों ने अपनी कला का आकर्षक प्रदर्शन किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा।




कार्यक्रम के अंतर्गत कोली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. बाबूलाल पंवार की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा, खेल और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कोली समाज के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण पंवार थे। अध्यक्षता अजाक्स के पूर्व जिलाध्यक्ष अनोखीलाल भारती ने की। विशेष अतिथि के रूप में कोली कोरी समाज उत्थान संघ के अध्यक्ष राजेश शाक्य, प्रकाश पंथी, किशोरीलाल सूर्यवंशी, हेमंत पंवार, डॉ. सुशील पंवार, एसडीओ वीरसिंह शाक्य, हरिनारायण चौहान, मांगीलाल चौहान, रामप्रसाद खींची, गेंदालाल चौहान, शिवनारायण सोलंकी और चतुर्भुज भाटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत कार्यकारिणी पदाधिकारी देवकरण कोठार, अनिल पंवार, महेश सोलंकी, जगदीश पंवार, ओमप्रकाश चंदेल, मदन भाटिया, संदीप कछवाय और हरीश चौहान ने किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र भाटिया ने किया तथा आभार अनिल पंवार ने माना। आयोजन को समाज की एकता, शिक्षा और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाला बताया गया।

### भिया बाजार ने उज्जैनवासियों को दिया यादगार वीकेंड

उज्जैन। कॉसमॉस मॉल में आयोजित दो दिवसीय 'भिया बाजार - वीकेंड एस्केप एडिशन' का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने शामिल होकर वीकेंड का भरपूर आनंद लिया। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों, महिला उद्यमियों, छोटे व्यवसायों और होमग्रोन ब्रांड्स को एक सशक्त मंच प्रदान करना था। आयोजक अवनी विजयवर्गीय और प्रियांश ने बताया कि कार्यक्रम में होमग्रोन ब्रांड्स के आकर्षक शॉपिंग स्टॉल्स लगाए गए थे। इसके अलावा क्रिएटिव वर्कशॉप्स, लाइव म्यूज़िकल जैमिंग, गेम नाइट और विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियां आयोजन का मुख्य आकर्षण रहीं। आयोजन के दौरान गेम नाइट के विजेताओं को कृष गिफ्ट गैलरी की ओर से आकर्षक उपहार बांटे गए।

## संगीत निशा में मालवांचल के कलाकारों ने दी सदाबहार नगमों की प्रस्तुति


ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की कालिदास अकादमी स्थित अभिरंग नाट्यगृह में रविवार को सरगम म्यूजिकल ग्रुप इंदौर के तत्वावधान में एक भव्य संगीत निशा का आयोजन किया गया। इस दौरान मालवांचल के सात शहरों से आए गायक कलाकारों ने सदाबहार रोमांटिक गानों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

कार्यक्रम के संयोजक श्याम जाटवा और मुख्य आयोजक सुनीता जाटवा ने बताया कि इस संगीतमय आयोजन में इंदौर, उज्जैन, आगर, तराना, नागदा, रतलाम और देवास के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच संचालन और एंकरिंग विनोद गोलिया ने की। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पुलिस विभाग इंदौर के लोकेश सिंगर ने अतिथि गायक के रूप में विशेष प्रस्तुति दी। संगीत निशा में इंदौर से गायिका सुनीता जाटवा, सुभाष स्काई, नंदकिशोर बिसरागी, सुनील उद्दंड, अर्चना सिसोदिया, अर्चना जायसवाल, रजनी नगर, संजय देशपांडे, श्रीकांत अन्वेकर, डॉ. नितिन देशपांडे, सन्नी कोसटी, पिंकी, डॉ. अनिल, बेबी अहाना, और अश्लेषा नाइक ने सुमधुर गीत गाए। वहीं उज्जैन से हिमांगी गडकरी, डॉ. मनोज कुमार सिसोदिया और डॉ. धर्मेंद्र जादौन ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं।

उज्जैन
मंगलवार
07
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### जहर नहीं, मारपीट से हुई थी युवती की मौत, प्रेम विवाह की बात से नाराज थे परिजन

**इंदौर।** हीरानगर में एक युवती की मौत के बाद पीएम रिपोर्ट में हत्या का मामले सामना आया है। इस पूरी घटना के बाद पुलिस ने युवती के भाई और उसकी मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, हीरानगर इलाके में रहने वाली ज्योति नाम की युवती को उसकी मां शीतल अग्रवाल और भाई प्रकाश अग्रवाल लेकर राजश्री अपोलो अस्पताल पहुंचे थे, यहां उन्होंने बेटी के जहर खाने की बात की थी। इस पर पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि ज्योति की मौत मारपीट के दौरान हुई है। इसके बाद पुलिस ने उसके परिवार के लोगों से बातचीत की शंका के आधार पर पुलिस ने मां शीतल और भाई प्रकाश से अलग-अलग पूछताछ की, जिसमें जानकारी सामने आई। ज्योति किसी मयंक नाम के लड़के से प्यार करती थी। वह उससे शादी करने वाली थी और परिवार के लोग इस बात का विरोध कर रहे थे। 2 जुलाई को ज्योति मयंक से मिलने जाने वाली थी। इस बात से नाराज होकर शीतल और भाई प्रकाश ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद ज्योति बेसुध हो गयी। मामले में पुलिस ने आसपास के लोगों के बयान भी लिए। इसके बाद शीतल और भाई प्रकाश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### फ्लायओवर सिटी का सपना डेढ़ साल बाद भी अधूरा

**इंदौर।** शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अक्टूबर 2024 में तैयार किया गया फ्लायओवर सिटी का महत्वाकांक्षी रोडमैप डेढ़ साल बाद भी जमीन पर नहीं उतर सका है। उस समय जिला प्रशासन ने बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए 1182 करोड़ रुपए की लागत से 19 नए फ्लायओवर और आरओबी बनाने की योजना बनाई थी। हकीकत यह है कि इनमें से अब तक सिर्फ तीन स्थानों पर काम शुरू हो सका है, जबकि छह प्रस्ताव बीच में ही निरस्त हो गए और बाकी फाइलों में दबे हैं। यही नहीं, अक्टूबर 2024 में शहर में जो 19 पुराने प्रोजेक्ट निमार्णाधीन थे, उनमें से भी अब तक केवल आठ ही पूरे हो पाए हैं। धीमी रफ्तार और कमजोर मॉनिटरिंग के चलते 11 प्रोजेक्ट आज भी अधूरे हैं। नतीजा, इस बारिश भी रेती मंडी, आईटी पार्क, मूसाखेड़ी, सत्यसाईं, देवास नाका और बाणगंगा जैसे प्रमुख चौराहों पर जनता को ट्रैफिक जाम से कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है।

### फर्जी भुगतान की पड़ताल में बड़ा खुलासा, एक मशीन का दो एजेंसी कर रही मेंटनेंस

**इंदौर।** मेडिकल कॉलेजों में बंद पड़ी मशीनों के मेंटनेंस के नाम पर लाखों के फर्जी भुगतान की पड़ताल में एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। एमआरटीबी अस्पताल की मशीनों का मेंटनेंस दो एजेंसियो से कराया जा रहा है। 49 महीने में इनके मेनटेनेंस पर ही 43 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एमआरटीबी अस्पताल की आईआरएल लैब का संचालन स्वास्थ्य विभाग के अधीन होता है। यहां लगी मशीनों की खरीदी, संचालन और मेंटनेंस की जिम्मेदारी नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के माध्यम से अधिकृत कंपनी एओवी इंटरनेशनल के पास है। इसके बावजूद इन्हीं मशीनों को मेडिकल एजुकेशन विभाग के मेंटनेंस अनुबंध में शामिल कर दिया गया। कॉलेज की एजेंसी हाइट्स ने उन पर अपने बारकोड चस्पा कर दिए और वर्षों तक उनके मेंटनेंस का भुगतान भी ले लिया। एमआरटीबी की 45 मशीनों की कीमत एक करोड़ 49 लाख से ज्यादा है। इनके मेंटनेंस पर हर महीने 89 हजार से ज्यादा का खर्च आता है। पिछले 49 महीनों में इनके मेंटनेंस पर 43 लाख 77 हजार से ज्यादा राशि खर्च कर दी गई। टीम ने जब आईआरएल लैब जाकर पड़ताल की तो वहां की मशीनों पर एओवी और हाइट्स दोनों के ही बार कोड लगे मिले। स्टॉफ ने बताया कि हाइट्स की तरफ से बार कोड लगाने के बाद कभी कोई नहीं आया। कभी सर्विस के लिए हमने भी उन्हें फोन भी नहीं किया।

### खजराना अस्पताल के लिए जमीन भी साफ और कानूनी रोक भी नहीं

**इंदौर।** पूर्वी इंदौर के 3 लाख से अधिक रहवासियों के लिए प्रस्तावित खजराना के 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल को लेकर एक और चौंकाने वाला दस्तावेज सामने आया है। अस्पताल के नाम पर स्टाफ की कागजी पदस्थापना करने वाले महकमे के पास अब निर्माण न करने का कोई बहाना नहीं बचा है। नए प्रशासनिक दस्तावेजों से साफ है कि वर्ष 2019 में ही तत्कालीन कलेक्टर ने इसके लिए 0.700 हेक्टेयर भूमि स्वास्थ्य विभाग को आवंटित कर दी थी, जो राजस्व रिकॉर्ड (खसरा) में भी दर्ज हो चुकी है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस जमीन पर निर्माण को लेकर किसी भी कोर्ट का कोई ह्यस्टेह्न नहीं है, बावजूद अफसरशाही ने 6 साल से इसकी फाइल दबा रखी है। अस्पताल की फाइल बताती है कि शुरुआती दौर में यहां करीब 4 से 5 एकड़ सरकारी जमीन देने पर विचार हुआ था। इसके लिए बकायदा दावे-आपत्तियां बुलाई गईं, जिसमें कोई अड़ंगा सामने नहीं आया। बाद में मास्टर प्लान की 30 मीटर चौड़ी सड़क के कारण रकबा थोड़ा कम हुआ और अंततः 7 सितंबर 2019 को कलेक्टर के आदेश से 0.700 हेक्टेयर भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम आवंटित कर दी गई।

---

#### शिवानी हत्याकांड में बैंक अफसर पति को उम्रकैद, खुद गला घोंटा, सर्पदंश से मौत बताई

# पत्नी को मारने के लिए 620 किमी दूर से कोबरा खरीद लाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के चर्चित 2019 शिवानी हत्याकांड में जिला कोर्ट ने आरोपी पति अमितेष उर्फ शालू पटेरिया को उम्रकैद की सजा सुनाई। पत्नी की हत्या के लिए बैंक अफसर अमितेष ने सुनियोजित साजिश रची थी।

वह इंदौर से 620 किलोमीटर दूर राजस्थान के अलवर से ब्लैक डेजर्ट प्रजाति का कोबरा 30 हजार रुपए में खरीदकर लाया था। उसे 11 दिन घर में छिपाकर रखा। फिर मौका पाकर तकिए से पत्नी का गला घोंट दिया।

इसके बाद कोबरा को मारकर उसके दांत पत्नी के हाथ में गड़ा दिए, ताकि मौत को सर्पदंश से हुई साबित किया जा सके। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने उसकी साजिश का पदार्फाश कर दिया। फोरेंसिक साक्ष्यों और डॉक्टर के बयान ने पूरी कहानी उजागर कर दी। करीब साढ़े छह साल की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अमितेष को हत्या में उम्रकैद सुनाई। कोबरा की हत्या में तीन साल के कारावास और 25 हजार रुपए के अर्थदंड तथा साक्ष्य मिटाने के मामले में दो साल की सजा मिली।



### शिवानी के पिता ने कहा था- बेटी की हत्या हुई

- शिवानी के पिता आनंद दीक्षित का कहना था कि दामाद ने अपनी बहन के साथ मिलकर उनकी बेटी की हत्या की है। योजना के तहत घटना वाले दिन दोनों बच्चों को लेकर उसकी बहन मॉल चली गई थी।
- शाम को बच्चे लौटे तो वह अस्पताल में थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत 10 से 12 घंटे पहले हो चुकी थी। पिता ने कहा कि बेटी का शरीर काला पड़ने की बजाय पीला था। कौन सा जहर दिया गया, यह कहना मुश्किल है, लेकिन सांप के डसने से मौत नहीं हुई थी।
- उन्होंने बताया था कि 9 साल पहले बेटी की शादी की थी। दामाद दिल्ली में दूसरी महिला के साथ पति-पत्नी की तरह रहता था। जानकारी मिलने पर वे दिल्ली पहुंचे, जहां वह महिला के साथ मिला। इसके बाद उसे वापस लेकर आए।
- उन्होंने कहा कि वह दहेज के नाम पर उसे प्रताड़ित करता था। एक-एक कर करीब 25 लाख रुपए दे चुके थे। उन्होंने मांग की कि जिस सांप के डसने से मौत का दावा किया जा रहा है, उसका वेटरनरी डॉक्टर से पोस्टमार्टम कराया जाए।

- **और गहराता गया पुलिस का शक-** बयानों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को भी शक हुआ। पुलिस ने अमितेष पटेरिया को हिरासत में लेकर दो दिन पूछताछ की। पहले वह गुमराह करता रहा, लेकिन बाद में टूट गया। उसने बताया कि शिवानी से आए दिन विवाद होता था। इसी के चलते उसने तकिए से उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी। इससे पहले वह राजस्थान के अलवर से कोबरा खरीदकर लाया था। उसे मारने के बाद पत्नी के पास रख दिया, ताकि पुलिस को लगे कि मौत सांप के डसने से हुई। जांच के बाद कनाड़िया पुलिस ने अमितेष, उसके पिता ओमप्रकाश पटेरिया और बहन ऋचा चतुर्वेदी के खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया था। 24 जून 2026 को कोर्ट ने माना कि अमितेष ने पत्नी का तकिए से मुंह दबाकर हत्या की और उसे सांप के काटने से हुई प्राकृतिक मौत साबित करने के लिए सुनियोजित साजिश रची थी।
- **पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने बदली पूरी कहानी-** मामले में सबसे बड़ा मोड़ पोस्टमॉर्टम और फोरेंसिक जांच से आया। मेडिकल बोर्ड ने स्पष्ट किया कि शिवानी की मौत सांप के जहर से नहीं, बल्कि तकिए या किसी वस्तु से मुंह दबाकर दम घुटने से हुई थी। शव पर चोटों के निशान, बिस्तर की स्थिति और घटनास्थल से मिले भौतिक साक्ष्यों ने भी हत्या की पुष्टि की। जांच में पुलिस को बिस्तर, तकिए का कवर, मृत कोबरा और अन्य सामग्री से महत्वपूर्ण फोरेंसिक साक्ष्य मिले। घटनास्थल पर चादर अस्त-व्यस्त थी और तकिए के कवर पर लार जैसे धब्बे मिले, जिससे संदेह और गहरा गया।

### मोबाइल रिकॉर्डिंग और परिस्थितिजन्य साक्ष्य बने अहम

जांच में आरोपी अमितेष और उसकी बहन के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग भी सामने आई। अभियोजन ने दावा किया कि बातचीत में घटना को अंजाम देने और छिपाने की साजिश के संकेत मिले। कॉल रिकॉर्ड, वॉइस सैंपल, फोरेंसिक रिपोर्ट और गवाहों के बयानों को कोर्ट ने अहम सबूत माना। पड़ोसियों और अन्य गवाहों ने अदालत को बताया कि घटना के समय घर में शिवानी और उसका पति ही मौजूद थे। बाद में पति ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया और कोबरा के डंसने की कहानी सुनाई।

### डॉक्टर्स को बताया कि सर्पदंश से मौत हुई

इंदौर के संचार नगर में 1 दिसंबर 2019 को घटना हुई थी। शिवानी पटेरिया (35) को उसका पति अमितेष और किरायेदार निखिल एमवायएच लेकर पहुंचे थे। परिजन ने डॉक्टरों को सर्पदंश से मौत की सूचना दी। लेकिन शिवानी के मायके पक्ष ने घटना को संदेहास्पद बताया। कनाडिया टीआई मौके पर पहुंचे तो घर में मरा हुआ कोबरा पड़ा था।

तब शिवानी के चाचा प्रभात दीक्षित ने आरोप लगाया था कि उनकी भतीजी की हत्या की गई है। वह घर में पलंग पर मृत मिली थी। पलंग पर सांप भी मृत मिला था। उनका आरोप था कि कुछ दिन पहले अमितेष ने तलाक की कोशिश की थी। वह दिल्ली की एक युवती के संपर्क में था और शिवानी को तलाक देना चाहता था। आरोप था कि पति ने पहले से हत्या की योजना बनाई थी। एक बार गला दबाया था। फिर दो दिन पहले जहर देने की कोशिश की थी। घटना वाली सुबह पार्लर में सांप के डसने से अस्पताल ले जाने की बात कही। बात कराने को कहा तो जवाब मिला कि वह बात नहीं कर सकती। शाम पांच बजे मौत की सूचना दी गई। घर में ससुर ओमप्रकाश और ननद ऋचा भी थे।

---

#### फर्जी एडवाइजरी-कंपनी के संचालक ने पूर्व कर्मचारियों का किया अपहरण

# होटल में बंधक बनाकर पीटा, सिगरेट से दागा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के विजयनगर थाना पुलिस ने फर्जी एडवाइजरी कंपनी से जुड़े अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट और प्रताड़ना के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों पर पूर्व कर्मचारियों का अपहरण कर होटल में बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने, सिगरेट से दागने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप हैं।

पुलिस ने मामले में मनीष पांडे, अभिषेक कक्कड़, मोहित शर्मा (ऋषिकेश), अरुण (देवास) और अभिषेक रघुवंशी (नर्मदापुरम) के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी मनीष पांडे इन्फीनिक्स इन्फोटेक नाम से एडवाइजरी कंपनी संचालित करता था। कुछ समय पहले तुकोगंज पुलिस ने इस कंपनी पर छापा मारकर फजीर्वाड़े का खुलासा किया था। इसके बाद कंपनी की साख खराब हुई और कई कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ दी। मनीष को शक था कि उसके पूर्व कर्मचारी कुंदन मीणा और सौरभ कुमार ने ही पुलिस को कंपनी की जानकारी दी थी। साथ ही उसने आरोप लगाया कि दोनों ने कंपनी के ग्राहकों की जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाकर उसे आर्थिक नुकसान पहुंचाया। पीड़ित कुंदन मीणा (सीहोर) और सौरभ कुमार (धार) ने पुलिस को बताया कि वे करीब ढाई साल तक कंपनी में काम करते थे। अप्रैल 2026 में पुलिस कार्रवाई के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी, क्योंकि कंपनी आधे वेतन पर काम कराने का दबाव बना रही थी। 27 मई की रात दोनों जंजीरवाला चौराहे पर खाना खाने निकले थे। इसी दौरान मनीष अपने साथियों के साथ टाटा हैरियर कार से वहां पहुंचा और बातचीत के बहाने दोनों को जबरन कार में बैठाकर विजयनगर स्थित होटल गैलेक्सी पार्क ले गया।



### होटल के कमरे में बेल्ट से पीटा, सिगरेट से दागा

पीड़ितों के अनुसार उन्हें होटल के कमरा नंबर 6 और 7 में बंद कर दिया गया। वहां मनीष और उसके साथियों ने बेल्ट, लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, जलती हुई सिगरेट से उनके शरीर को कई जगह दाग दिया, जिससे गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने दोनों के मोबाइल भी छीन लिए और अगले दिन दोपहर तक होटल में बंधक बनाकर रखा। बाद में उन्हें कंपनी के कार्यालय ले जाया गया और वहां भी धमकाया गया।

### परिजनों की तलाश शुरू हुई तो छोड़ा

पीड़ितों ने बताया कि अगले दिन तक घर नहीं लौटने और मोबाइल बंद होने पर परिजन उनकी तलाश करने लगे। इसकी जानकारी आरोपियों को मिली तो उन्होंने शाम करीब छह बजे दोनों को धमकी देकर छोड़ दिया और किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की चेतावनी दी।

---

#### मोरीवाले बाबा दरगाह मामले में हाईकोर्ट सख्त

# याचिका खारिज कर लगाया 15 हजार रुपये का जुर्माना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने मोरीवाले बाबा दरगाह से जुड़े विवादित निर्माण मामले में दायर याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 15 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जस्टिस संदीप एन. भट्ट की सिंगल बेंच ने कहा कि याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है और यह कार्रवाई लंबित जांच को प्रभावित एवं विलंबित करने के उद्देश्य से की गई प्रतीत होती है। कोर्ट ने यह आदेश 3 जुलाई को दिया है।

दरगाह ख्वाजा सुल्तान मोहम्मद चिश्ती उर्फ मोरीवाले बाबा की ओर से दायर याचिका में 16 जून 2026 को पारित उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एसडीओ द्वारा ऑर्डर-7 रूल-11 सीपीसी के तहत प्रस्तुत आवेदन खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता का तर्क था कि कलेक्टर और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई का अधिकार नहीं है, तथा मध्यप्रदेश सार्वजनिक स्थान (धार्मिक भवन एवं गतिविधियों का विनियमन) अधिनियम, 2001 के तहत आवश्यक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 1986 में केवल 360.21 वर्गमीटर क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में परिसर में 14 दुकानों सहित अन्य निर्माण कर लिए गए। अदालत ने पूछा कि इन निर्माणों की अनुमति का कोई दस्तावेज उपलब्ध है या नहीं, लेकिन याचिकाकर्ता ऐसा कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका।

---

# घर के बाहर खड़ी बोलेरो चुराने वाले दो आरोपी दोषी, कोर्ट ने सुनाई डेढ़-डेढ़ साल की सजा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में घर के बाहर खड़ी बोलेरो चोरी करने के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को डेढ़-डेढ़ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 500-500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

फरियादी हेमसिंह यादव ने 15 जून 2024 की रात अपनी महिंद्रा बोलेरो (एमपी-09 सीजे-0416) को रोजाना की तरह घर के सामने लॉक कर खड़ा किया था। अगले दिन सुबह करीब पांच बजे वाहन वहां नहीं मिला। परिजन के साथ गांव, आसपास के क्षेत्रों और बायपास पर तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद कनाड़िया थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि कोर्ट फैसला सुनाते हुए जितेंद्र कीर (32) और अशोक कीर (36), निवासी ग्राम जलेरिया, सोनकच्छ को भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के तहत दोषी पाया।

**500-500 रुपए का जुर्माना भी**

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और गवाहों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान चोरी की गई बोलेरो आरोपियों के कब्जे से बरामद कर ली गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया गया।

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को चोरी का दोषी माना। कोर्ट ने उन्हें एक वर्ष छह माह के सश्रम कारावास तथा 500-500 रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया। मामले में शासन की ओर से रवि मोगा (सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी) ने पैरवी की।

---

# दहेज प्रताड़ना केस के तनाव में व्यवसायी ने खाया जहर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र के एक कंस्ट्रक्शन व्यवसायी ने दहेज प्रताड़ना के मामले के तनाव में जहर खा लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की करीब आठ महीने पहले ही शादी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना प्रकरण और परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसमें शामिल किए जाने के कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव में था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लसूड़िया थाना पुलिस के अनुसार राजीव राठौर (पुत्र राधेश्याम राठौर) निवासी अंबिकापुरी कॉलोनी ने 6 जुलाई की रात जहरीला पदार्थ खा लिया था। गंभीर हालत में उन्हें राजश्री अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई।



परिजनों ने बताया कि राजीव अपने मामा मनोज के साथ कंस्ट्रक्शन का व्यवसाय करता था। उसकी शादी दिसंबर 2025 में बीमा अस्पताल के पास रहने वाली शिवानी राठौर से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी मायके चली गई और उसके बाद दोनों अलग रहने लगे।

**उपचार के दौरान मौत, पत्नी ने दो माह पहले 50 लाख की दहेज प्रताड़ना की लिखाई थी रिपोर्ट**

परिजनों के मुताबिक करीब दो महीने पहले महिला थाने में शिवानी ने दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में राजीव के साथ उसकी मां, भाई और विवाहित बहनों के नाम भी शामिल किए गए थे। परिवार का आरोप है कि इसी मामले के कारण राजीव लगातार मानसिक तनाव में था और उसे अपने साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्यों के परेशान होने की चिंता सता रही थी।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि महिला थाने की कार्रवाई के दौरान पूरे परिवार को प्रताड़ित किया गया, जिससे राजीव अवसाद में रहने लगा। उन्होंने पत्नी शिवानी, उसके पिता उत्तम और मां रीता पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल या मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सभी पहलुओं और दोनों पक्षों के आरोपों की निष्पक्ष जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

#### रोजाना नारेबाजी, कैंडल मार्च, हवन और क्रांतिकारी गीतों के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा

# नीट पेपर लीक को लेकर इंदौर में धरना, सातवें दिन भी चौराहे पर बैठे रहे प्रदर्शनकारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

बोले-दोषियों पर कार्रवाई हो वरना आंदोलन तेज होगा

नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर छात्रों और विभिन्न संगठनों का धरना-प्रदर्शन सोमवार को लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी बारिश के बीच भी डटे हुए हैं और उन्होंने धरनास्थल पर टेंट लगाकर आंदोलन जारी रखा है। रोजाना नारेबाजी, कैंडल मार्च, हवन और क्रांतिकारी गीतों के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।




### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नीट पेपर लीक मामले के दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। साथ ही देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों पर प्रभावी रोक लगाने तथा मध्यप्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन धरने के साथ विरोध प्रदर्शन भी तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

जयस छात्र संगठन के इंदौर जिलाध्यक्ष पवन अहिरवार ने बताया कि देशभर में सामने आए ठएएळ पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ठळअ) को भंग करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी आंदोलन का हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि धरने में प्रदेश के छात्रों से जुड़े मुद्दों को भी शामिल किया गया है। प्रदर्शनकारी छात्रों की छात्रवृत्ति समय पर जारी करने, छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने समेत कुल 23 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। पवन अहिरवार ने कहा कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मांगें प्रशासन के समक्ष रखी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। आंदोलन के दौरान दिवंगत छात्रों की स्मृति में कैंडल मार्च निकाला गया है, हवन किया गया है और थाली बजाकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया।

# हाईवे किनारे के गड्ढे-नालों को तालाब बताकर 25-25 लाख का पेमेंट

### पुराने तालाब की पाल टूटी, नए के नाम पर 20.56 लाख रुपए मंजूर

ब्रह्मास्त्र ›› शहडोल

शहडोल जिले में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) से तालाब निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। भास्कर पड़ताल में यहां भी करोड़ों रुपए की गड़बड़ी सामने आई है। वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना में डीएमएफ मद से तालाब निर्माण, घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण के 43 प्रोजेक्ट मंजूर किए गए, जिनके लिए 7.48 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए। इनमें 24 नए तालाब निर्माण की परियोजनाएं थीं, जिनका बजट 5.75 करोड़ रुपए था।



डीएमएफ के रिकॉर्ड के अनुसार, एक तालाब की औसत लागत 25 लाख रुपए है। पड़ताल में सामने आया कि नए तालाब निर्माण के नाम पर स्वीकृत आधे से अधिक प्रोजेक्ट ऐसे तालाबों पर हैं, जो वर्षों से पहले ही अस्तित्व में हैं। यानी जिन स्थानों पर नए तालाब बनने का दावा किया गया, वहां नया निर्माण नहीं मिला। इसी तरह हाईवे किनारे बने गड्?ढों को भी तालाब बताकर 25-25 लाख रुपए का भुगतान ले लिया गया।

जयसिंहनगर ब्लॉक के जोरा गांव के पास रीवा-शहडोल हाईवे निर्माण के दौरान खोदे गए एक गड्ढे को ही तालाब घोषित कर दिया गया। हाईवे के लिए मुरम निकालने से सड़क किनारे करीब 2 से ढाई एकड़ का बड़ा गड्ढा बन गया था। इसके लिए ?25 लाख रुपए आवंटित।

जयसिंहनगर ब्लॉक की बरना पंचायत के झिरिया में 20 साल पुराना तालाब है। 3 साल पहले इसकी पाल टूट गई। नियमतः इसकी मरम्मत होनी चाहिए थी, लेकिन इस पुराने तालाब के स्थान पर ?20.56 लाख की लागत से ह्यनवीन तालाब निर्माणह्न की स्वीकृति जारी कर दी गई।

नाले की पिचिंग को बनाया तालाब : ब्योहारी ब्लॉक के तेंदुहा गांव में बाणसागर डैम किनारे दर्री नाले की पुलिया और पिचिंग पहले ही डीएमएफ के ?12 लाख से हो चुकी थी। बाद में इसी नाले को सांसद के प्रस्ताव पर ?25 लाख की लागत से ह्यनवीन तालाब निर्माणह्न बताकर स्वीकृत कर दिया गया। मौके पर नया तालाब नहीं मिला, लेकिन भुगतान हो गया।

# भोपाल-राजगढ़ को जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग बंद

## बैरसिया-नरसिंहगढ़ के बीच पार्वती नदी पर बना है; जलस्तर बढ़ने से रोक

ब्रह्मास्त्र ›› राजगढ़

भोपाल और राजगढ़ जिले को जोड़ने वाले पार्वती नदी के अस्थायी वैकल्पिक मार्ग से गुजरने पर रोक लगा दी गई है। सोमवार देर रात बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा ने यह आदेश जारी किए। नदी में जल स्तर बढ़ने की वजह से यह फैसला लिया गया। एसडीएम शर्मा के आदेश में लिखा है कि बारिश के कारण पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। इससे बैरसिया-नरसिंहगढ़ मार्ग पर नदी के मध्य निर्मित अस्थायी वैकल्पिक मार्ग जलमग्न हो गया है। तेज बहाव के कारण आवागमन अत्यंत जोखिमपूर्ण है। इसलिए आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिबंधित क्षेत्र में आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड एवं सुरक्षा संकेतक स्थापित किए जाएं। ताकि कोई भी व्यक्ति जोखिम उठाकर मार्ग का उपयोग न कर सके। आदेश के पालन के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत, पीडब्ल्यूडी और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और आवश्यकता अनुसार सुरक्षा बल तैनात कर नागरिकों को सुरक्षित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कराने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा अन्य प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैरसिया-नरसिंहगढ़ रोड पर बना यह ब्रिज मेघरा नवीन गांव में है। यह भोपाल जिले का गांव है जबकि दूसरी तरफ राजगढ़ जिले का बरायठा गांव है।



**49 साल पुराना पार्वती नदी का ब्रिज पूरी तरह से जर्जर हो गया है।**



### वैकल्पिक रास्ते में पानी इसलिए वाहन फंस रहे

साल 1976 में रुनाहा से नरसिंहगढ़ तक सड़क टढफऊउ यानी मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने बनाई थी। वहीं, ब्रिज पीडब्ल्यूडी ने बनाया था। 17 जनवरी 2025 को ब्रिज एक जगह से धंस गया था। एहतियातन बैरसिया एसडीएम शर्मा ने ब्रिज से आने-जाने पर रोक लगा दी थी। कुछ दिन बाद स्टॉपडैम से पानी खाली कर डायवर्सन रूट तैयार किया गया था। बारिश से पहले तक इसी रूट से बस, ट्रक समेत चार पहिया और टू-व्हीलर गुजर रहे थे, लेकिन पानी बढ़ गया है। बावजूद कई वाहन चालक खतरा लेते हुए इसके ऊपर से गुजर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में एक बस तिरछी हो गई थी। इसे जैसे-तैसे निकाला तो एक दिन पहले ही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से स्टॉपडैम के पानी में गिर गई।

### भोपाल में झमाझम बारिश का असर:रेलवे स्टेशन की छत से झरने की तरह बहा पानी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

राजधानी भोपाल में हुई तेज बारिश का असर शहर के प्रमुख रेलवे स्टेशन पर भी देखने को मिला। बारिश के दौरान भोपाल रेलवे स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म की छत से बड़ी मात्रा में पानी रिसने लगा। स्थिति ऐसी बनी कि छत से पानी झरने की तरह लगातार गिरता रहा और प्लेटफॉर्म पर पानी भरने लगा। इस दौरान यात्रियों को सामान के साथ आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें प्लेटफॉर्म की छत से तेज धार के रूप में पानी गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं प्लेटफॉर्म पर पानी जमा होने से कई यात्री बचते-बचाते निकलते नजर आए। उस समय प्लेटफॉर्म पर ट्रेन भी खड़ी थी, जिससे यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई।

बारिश के बीच स्टेशन जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा में इस तरह की स्थिति सामने आने के बाद रेलवे की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि मानसून के दौरान स्टेशन परिसर में जल निकासी और छतों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है, ताकि यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। यह समस्या स्टेशन के ड्रेनेज सिस्टम में आई रुकावट के कारण हुई। अधिकारियों के अनुसार, तेज बारिश के दौरान प्लेटफॉर्म शेड पर जमा पानी की निकासी के लिए बनाए गए ड्रेनेज होल अवरुद्ध हो गए थे।

# 'फिल्म रिलीज नहीं रोकी तो जान से मार देंगे'

ब्रह्मास्त्र ›› दतिया

दतिया में फिल्म 'काला हिरण' के प्रोड्यूसर अमित जानी को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि खुद को पाकिस्तानी आतंकी बताने वाले शहजाद भट्टी ने उन्हें व्हाट्सएप पर ऑडियो और वीडियो भेजकर फिल्म रिलीज नहीं करने की धमकी दी। घटना के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नोएडा निवासी अमित जानी दतिया के एक निजी होटल में ठहरे हुए थे। वह श्री पीतांबरा पीठ मंदिर में दर्शन के लिए आए थे। इसी दौरान उन्हें व्हाट्सएप पर धमकी भरे कॉल और मैसेज मिलने शुरू हुए।

अमित जानी ने बताया कि 6 जुलाई की रात करीब 1 बजे उन्हें पाकिस्तानी नंबर +92*****50 से एक ऑडियो और वीडियो क्लिप भेजी गई। इसके बाद अगली सुबह करीब 9:47 बजे दूसरे पाकिस्तानी नंबर +92*****85 से कॉल आया।

शिकायत के अनुसार, कॉल करने वाले ने कहा कि यदि फिल्म की रिलीज नहीं रोकी गई तो उन्हें बम से उड़ा दिया जाएगा। उसने यह भी कहा कि चाहे जितनी सुरक्षा ले लो, हत्या कर दी जाएगी।

अमित जानी ने पुलिस को बताया कि भेजे गए वीडियो में धमकी देने वाला व्यक्ति भारी हथियारों के साथ दिखाई दे रहा है। उसके पास ग्रेनेड, आरपीजी (रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड) और अन्य हथियार होने का दावा किया गया है। धमकी मिलने के बाद अमित जानी दतिया कोतवाली पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंदौर-खंडवा हाईवे, टनल के कारण दो हिस्सों में बंटा तलाई नाका गांव; ब्रिज अलाइनमेंट का विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

इंदौर-खंडवा रोड पर तेजाजी नगर से बलवाड़ा के बीच बन रहे 1100 करोड़ के फोरलेन हाईवे पर सिमरोल के पास तलाई नाका गांव में नया विवाद खड़ा हो गया है। यहां निर्माणाधीन टनल (सुरंग) के कारण गांव दो हिस्सों में बंट गया है। इन्हें जोड़ने के लिए टनल के ऊपर कनेक्टिंग ब्रिज की मांग डेढ़ साल से की जा रही है, लेकिन अब इसके अलाइनमेंट (स्थान) को लेकर एनएचएआई और ग्रामीणों में गतिरोध बन गया है। सोमवार को ग्रामीणों ने मेघा इंजीनियरिंग के साइट ऑफिस पहुंचकर विरोध जताया।

सरपंच लेखराज डाबी सहित ग्रामीणों का कहना है एनएचएआई और ठेकेदार द्वारा यह ब्रिज आईआईटी इंदौर के दूसरे गेट के पास (गांव से 500 मीटर दूर) प्रस्तावित किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे एक निजी कॉलोनाइजर को सीधा फायदा पहुंचेगा। सरपंच के अनुसार, यहां ब्रिज बनने से करीब 500 ग्रामीणों को दो किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा और टनल के समानांतर सर्विस रोड के लिए अलग से जमीन का अधिग्रहण भी करना होगा। एनएचएआई के अनुसार, वर्तमान प्रस्तावित स्थान पर सिर्फ 3 पियर (खंभे) बनाने होंगे। इसके विपरीत, गांव के पास ब्रिज बनाने से महू-सिमरोल सर्विस रोड की चौड़ाई जुड़ने के कारण 5 पियर बनाने पड़ेंगे। ढलान वाली सर्विस रोड के बीच में ये खंभे आने से नीचे टनल में आने-जाने वाले वाहनों के लिए यह स्थान ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) बन सकता है।






### कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने के आरोपों को किया खारिज

एनएचएआई ने कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया है। अधिकारियों ने बताया कि यदि ग्रामीणों की मांग के अनुसार गांव के नजदीक ब्रिज बनाया जाता है, तो कई घरों और एक स्कूल को तोड़ना पड़ेगा। साथ ही, ब्रिज के खंभों के लिए गांव के पास ही ब्लास्टिंग से 15 मीटर गहरी खुदाई करनी होगी, जिससे गांव के मकानों को नुकसान पहुंच सकता है। - प्रवीण यादव, प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कहा है कि हमने ग्रामीणों को दोनों स्थानों के तकनीकी गुण-दोष समझा दिए हैं और फैसला उन पर ही छोड़ दिया है। यदि तलाई नाका के लोग अपने गांव के नजदीक 12 मीटर की ब्लास्टिंग झेलने और मकानों-स्कूल को तोड़ने के लिए तैयार हैं, तो लिखित निर्णय मिलने पर हम वहीं ब्रिज बना देंगे।

# डिंडौरी में बाढ़ जैसे हालात, कई गांवों से संपर्क टूटा

## सीहोर, श्योपुर समेत कई शहरों में बारिश; बालाघाट में नदी में बही कार-जेसीबी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से कई जिलों में हालात बिगड़ने लगे हैं। बालाघाट में महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी उफान पर आने से पुल निर्माण में लगी कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए। वहीं डिंडौरी में नर्मदा और सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ने से 11 घरों में पानी घुस गया। करंजिया ब्लॉक के कई गांवों का संपर्क टूट गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को प्रदेश के 23 जिलों में अति भारी और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बालाघाट के किरनापुर-लांजी मार्ग पर महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 10.17 करोड़ रुपए की लागत से पुल बनाया जा रहा है। लगातार बारिश से नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे निर्माण कार्य में लगी कार, जेसीबी और लोडर बह गए। घटना का वीडियो सामने आया है।

डिंडौरी में रुक-रुककर हो रही बारिश से नर्मदा समेत सहायक नदियां उफान पर हैं। तुडार नदी की पुलिया पर पानी बहने से करंजिया ब्लॉक के कई गांवों का संपर्क कट गया है। सड़क का पानी 11 घरों में घुसने से गृहस्थी का सामान खराब हो गया। नेशनल हाईवे पर भी मिट्टी आ गई है। कलेक्टर ने सड़क निर्माण करने वाली जीआरसी कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।



### इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट


मौसम विभाग ने सागर, दमोह, बैतूल, देवास, आलीराजपुर, उमरिया, सिवनी, छिंदवाड़ा और अनूपपुर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं रतलाम, उज्जैन, धार, शाजापुर, सीहोर, विदिशा, गुना, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और पन्ना में भारी बारिश की चेतावनी है। इसके अलावा भोपाल समेत ग्वालियर-चंबल, विंध्य, मालवा और निमाड़ के कई जिलों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। आष्टा में करीब एक घंटे की मूसलाधार बारिश से बुधवारा, भोपाल नाका और सब्जी मंडी क्षेत्र में जलभराव हो गया। श्योपुर में झमाझम बारिश से मुख्य बाजार, चूड़ी मार्केट और पुल दरवाजा इलाके पानी में डूब गए। जिले में औसतन 22.24 मिमी बारिश दर्ज हुई। इंदौर में शाम को हल्की बारिश शुरू हुई, जबकि छतरपुर के जयशंकर धाम में भी तेज बारिश हुई।

### 24 घंटे में 30 से ज्यादा जिलों में बारिश

बीते 24 घंटे में प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश दर्ज की गई। छिंदवाड़ा में करीब 3 इंच, उज्जैन और बालाघाट में सवा दो इंच तथा उमरिया और खजुराहो में करीब 2 इंच बारिश हुई। टीकमगढ़, सिवनी, श्योपुर, ग्वालियर, गुना, भोपाल, दतिया, मंडला, बैतूल, इंदौर, राजगढ़, जबलपुर, सागर, रीवा और कई अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई।

### प्रदेश में अब तक 6% बारिश कम

प्रदेश में इस बार पूरे जून महीने आंधी-बारिश का दौर रहा। वहीं, 5 जुलाई को भी कई जिलों में तेज पानी बरसा। इसके चलते अब तक कुल 163.1 मिमी यानी, 6.4 इंच पानी गिर चुका है। हालांकि, ये सामान्य बारिश 172.8 मिमी (6.8 इंच) से 6 प्रतिशत कम है। पूर्वी हिस्से में 29 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जबकि पश्चिमी हिस्से में औसत से 17 प्रतिशत पानी ज्यादा गिरा है।



### जून में कम बारिश, जुलाई में बढ़ा

मौसम विभाग के अनुसार, जून में कम बारिश हुई है, लेकिन जुलाई से काफी उम्मीदें हैं। इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे- भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है। बड़े शहरों में जबलपुर ही ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा 17 इंच से ज्यादा बारिश होती है। जुलाई के महीने में ही प्रदेश में कोटे की 40 प्रतिशत तक बारिश होती है।

## खबर एक नजर...

### डीजीपी ने प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों को दी नसीहत

**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में सिलेक्ट अफसर कभी भी 'साहबगिरी' को अपने सिर पर न चढ़ने दें। अधिकारियों को सकारात्मक सोच अपनाने, विनम्र बने रहने और अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने की जरूरत है। मध्य प्रदेश ऐसा कैडर है, जहां वरिष्ठ अधिकारी सहज उपलब्ध रहते हैं और सीखने का अनुकूल वातावरण मिलता है। अधिकारियों को जिम्मेदारी है कि किसी भी सूचना पर तुरंत विश्वास करने के बजाय पहले उसका सत्यापन करें और उसके बाद ही निर्णय लें। प्रशासनिक निर्णय हमेशा तथ्यों और निष्पक्षता पर आधारित होने चाहिए। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने यह बातें मध्यप्रदेश कैडर के 2025 बैच के 8 परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहीं। ये अधिकारी पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से मुलाकात के लिए पहुंचे थे। डीजीपी ने कहा कि प्रशिक्षण पूरी तन्मयता से प्राप्त करें ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उत्कृष्ट निराकरण कर सकें। उन्होंने कहा कि वे अपने अधीनस्थ अमले से भी सीखने में संकोच न करें। पुलिस महानिदेशक ने नवचयनित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता की सेवा का दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नए आपराधिक कानून, साइबर सुरक्षा, साइबर फ्रॉड, नारकोटिक्स एवं नशा मुक्ति जैसे विषय प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बदलती चुनौतियों को देखते हुए अधिकारियों को निरंतर सीखते रहने और तकनीक का प्रभावी उपयोग करने की आवश्यकता है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में विधायक जैन ने किया पौधरोपण

**सागर।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक शैलेंद्र जैन ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी और नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ नमो उपवन में पौधारोपण किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विधायक जैन ने बताया कि इस मानसून सत्र में 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहर की सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं अन्य संस्थाओं को अभियान से जोड़ते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने शहर की सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, रीतेश मिश्रा, सतीश जैन, प्रभुदयाल साहू, नितिन सोनी, राहुल अहिरवार, नरेश धानक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**गुना।** मृगवास थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत में बताया कि घटना देर रात की है। आरोप है कि एक युवक घर में घुस आया और परिवार के अन्य सदस्यों के सोने के दौरान पीड़िता को धमकाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने पास में सो रहे छोटे बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।

### स्कूल भवन बने खतरनाक , ढहाने को लेकर पीडब्ल्यूडी और शिक्षा विभाग में रार

**विदिशा।** एक ओर सरकार सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त शिक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। लोक निर्माण विभाग ने शिक्षा विभाग से मिली सूची के आधार पर अपने सर्वे में जिले के 219 स्कूल भवनों को जर्जर (खतरनाक) घोषित किया है। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन खंडहरों को ढहाने के बजाय दोनों जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर पल्ला झाड़ रहे हैं। नतीजा यह है कि मासूम बच्चे और शिक्षक हर दिन मौत के साए में रहने को मजबूर हैं। ये जर्जर भवन न केवल छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं, बल्कि परिसरों के आसपास से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी मुसीबत बने हुए हैं। ये खंडहर स्कूलों की खूबसूरती पर तो दाग लगा ही रहे हैं।

### कुआं गहरीकरण में 1.30 लाख की गड़बड़ी का आरोप

**खरगोन।** खरगोन की देवली ग्राम पंचायत में कुआं गहरीकरण कार्य में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सरपंच रोहित निहाल और पंचायत सचिव पुष्पेंद्र मंडलोई पर करीब 1.30 लाख रुपए के घोटाले का आरोप लगाते हुए जनपद और जिला पंचायत सीईओ से शिकायत की है। ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत दर्पण पोर्टल पर कार्य की लागत वास्तविक खर्च से दोगुनी दर्शाई गई है।

# पीएम मोदी इंडोनेशिया पहुंचे, फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया, 85% आबादी मुस्लिम, फिर भी गरुड़ एयरलाइन



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया पहुंचे। सीमा पर पहुंचते ही मेजबान देश के फाइटर जेट्स ने उनके विमान को एस्कॉर्ट किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यहां तीसरा दौरा है।


एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठक में करीब ?2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर मुहर लगने की संभावना है। पीएम मोदी इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन भी जाएंगे। 9वीं शताब्दी में बना यह मंदिर भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा को समर्पित है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, लेकिन उसकी सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध सभ्यता की गहरी छाप दिखाई देती है। यहां रामलीला होती है, गरुड़ एयरलाइन है और नोट पर भगवान गणेश की तस्वीर भी छप चुकी है।

इंडोनेशिया का साबंग पोर्ट अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बेहद करीब है। भारत और इंडोनेशिया ने 2018 में प्रधानमंत्री मोदी की जकार्ता यात्रा के दौरान साबंग पोर्ट और आसपास समुद्री सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी। इसके तहत पोर्ट के विकास, समुद्री संपर्क, लॉजिस्टिक सहयोग और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों की बात करें, तो ये करीब 2,000 साल पुराने माने जाते हैं। प्राचीन काल से भारतीय व्यापारियों, हिंदू और बौद्ध संस्कृति का इंडोनेशिया पर गहरा प्रभाव रहा है।

आज भी इंडोनेशिया के बाली और जावा में रामायण और महाभारत पर आधारित नृत्य-नाटक और सांस्कृतिक परंपराएं प्रचलित हैं। वहां 85% मुस्लिम आबादी होने के बाद भी 20 हजार रुपिया के नोट पर भगवान गणेश की फोटो छपी थी। इसके अलावा भी कई ऐसे प्रतीक है, जिसमें भारतीय संस्कृति की छाप मिलती है।

पीएम मोदी का यह 102 वां विदेश दौरा है। वहीं वह तीसरी बार इंडोनेशिया पहुंचे हैं। उनका पहला दौरा मई 2018 में हुआ था। इसके बाद मोदी सितंबर 2023 में जकार्ता में आयोजित 20वीं आसियान -भारत और 18वीं ईस्ट एशिया समिट में शामिल होने इंडोनेशिया पहुंचे थे।



## इंडोनेशिया का साबंग पोर्ट भारत के लिए अहम

इंडोनेशिया का साबंग पोर्ट अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बेहद करीब है। भारत और इंडोनेशिया ने 2018 में प्रधानमंत्री मोदी की जकार्ता यात्रा के दौरान साबंग पोर्ट और आसपास समुद्री सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी। इसके तहत पोर्ट के विकास, समुद्री संपर्क, लॉजिस्टिक सहयोग और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया गया।




### एमपी में बाढ़ जैसे हालात, कार-जेसीबी नदी में बहे

# राजस्थान में सवारियों से भरी बस फंसी, वेस्टर्न रेलवे की 40 से ज्यादा ट्रेनें रद्द



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल/जयपुर/लखनऊ/

मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से कई जिलों में हालात बिगड़ने लगे हैं। बालाघाट में महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी उफान पर आने से किरनापुर-लांजी मार्ग पर पुल निर्माण में लगी कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए।

वहीं डिंडौरी में नर्मदा और सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घरों में पानी घुस गया। राजस्थान के राजस्थान में सवारियों से भरी बस पानी में फंस गई। जयपुर में मालेश्वर धाम पहाड़ी पर दोस्तों के साथ घूमने गया युवक पानी में बह गया। उसकी मौत हो गई, जबकि 2 दोस्त घायल हो गए। सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र में देखने को मिला। पुणे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन मौते हुईं। पिछले चार दिनों में राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई। पश्चिम रेलवे की 40 से ज्यादा ट्रेनें रद्द, डायवर्ट या शॉर्ट टर्मिनेट करनी पड़ीं। खराब मौसम के कारण मुंबई आने वाली पांच उड़ानों का भी मार्ग बदलना पड़ा। मुंबई, ठाणे और रायगढ़ के लिए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश से मुंबई और आसपास के इलाके लगभग थम गए। कई सड़कें पानी में डूब गईं, पेड़ उखड़ गए और दीवार व होर्डिंग गिरने की घटनाएं सामने आईं।

## गुजरात में शेर का किसान पर हमला, हाथ जबड़े में आधे घंटे दबाए रखा, फिर छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› भावनगर

गुजरात में भावनगर के पालीताना तालुका में सोमवार सुबह शेर ने किसान पर हमला कर दिया। किसान कालूभाई बोगभाई परमार ने बताया कि शेर ने मेरी पीठ पर वार किया और मुझे गिरा दिया। फिर उसने मेरा हाथ अपने मुंह में पकड़ लिया। उसने मुझे करीब आधे घंटे तक पकड़े रखा।

कालूभाई ने बताया, 'मैं लगातार उससे छूटने की कोशिश करता रहा। मैंने उसे खरोंचा भी, लेकिन उसकी पकड़ मजबूत थी।' शेर ने इसके पहले एक और व्यक्ति पर हमले की कोशिश की, लेकिन उसने भाग कर खुद को घर में बंद कर लिया। भावनगर, गिर नेशनल पार्क के इलाके में है। यहां अक्सर घरों और खेतों के आसपास शेर देखे जा सकते हैं।

किसान कालूभाई बोगभाई परमार ने बताया, 'मैं सुबह 10:30 बजे अपनी गाय को चारा खिलाने जा रहा था। तभी यह घटना हुई। मैंने खुद को बचाने के लिए शेर को खरोंचा, जिससे उसने मेरा हाथ छोड़ दिया।' उन्होंने बताया, 'मैं तुरंत वहां से भागा। इसके बाद शेर मेरी गाय के पीछे चला गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि शेर जमीन पर बैठा है और आदमी को दबाए हुए है। शेर ने आदमी के पैर पर काट लिया। आदमी अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है।'

गरजिया गांव की सरपंच के पति सावजीभाई ने बताया कि उन्होंने इस घटना की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम डेढ़ घंटे में मौके पर पहुंच गई। शेर को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। इस घटना के बाद गरजिया गांव और आसपास के इलाकों के पशुपालकों में अपने पशुओं और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता और दहशत का माहौल है।

# 15 राज्यों में महिलाओं को मिलने वाली सहायता राशि बढ़े

### पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद ने कैश स्कीम पर सिफारिश की

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) ने सोमवार को कहा कि 15 राज्यों में महिलाओं से जुड़ी नकद सहायता योजनाओं की राशि की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। परिषद ने कहा कि नकद राशि महंगाई बढ़ने और परिवारों के खर्च में बदलाव को देखते हुए जरूरत पड़ने पर बढ़ाई जानी चाहिए।

ईएसी-पीएम ने अपनी रिपोर्ट में महाराष्ट्र की माझी लाडकी बहिन योजना और ओडिशा की सुभद्रा योजना का अध्ययन किया। रिपोर्ट में कहा गया कि इन योजनाओं से महिलाओं की बचत बढ़ी, घरेलू खर्च में मदद मिली और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि नकद सहायता के साथ महिलाओं को डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से भी जोड़ा जाए, ताकि वे आर्थिक रूप से और मजबूत बन सकें। नकद सहायता मिलने के बाद यूपीआई से भुगतान भी बढ़ा। महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ी चीजों पर पहले से ज्यादा खर्च करने लगी हैं। ईएसी-पीएम के अनुसार, 15 राज्यों में महिलाओं को सीधे बैंक खाते में नकद सहायता दी जा रही है। इन योजनाओं का लाभ करीब 12 करोड़ महिलाओं को मिल रहा है। परिषद का कहना है कि महिलाओं को सीधे आर्थिक सहायता देने से परिवार की स्थिति बेहतर होती है और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ती है। इसलिए महंगाई के अनुसार सहायता राशि की समय-समय पर समीक्षा की जानी चाहिए।

## महाराष्ट्र-ओडिशा में महिलाओं का बैंक बैलेंस बढ़ा

**योजनाओं का लाभ**
रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र में पात्र महिलाओं को हर महीनें 1500 रुपए, जबकि ओडिशा की सुभद्रा योजना के तहत महिलाओं को सालाना 10 हजार रुपए दो किस्तों में दिए जाते हैं।

**बैंक बैलेंस में बढ़ोतरी**
रिसर्च में पाया गया कि महाराष्ट्र में महिलाओं के बैंक खातों का औसत बैलेंस 84% और ओडिशा में 45% बढ़ा। दोनों राज्यों में प्रति महिला बैंक बैलेंस करीब 6,885 रुपये बढ़ा।

**महिलाओं का मासिक खर्च बढ़ा**
महिलाओं का मासिक खर्च भी बढ़ा। महाराष्ट्र में यह 46% और ओडिशा में 28% बढ़ा। महिलाएं अब शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों पर ज्यादा खर्च कर रही हैं।

**परिवार को भी मिला फायदा**
योजनाओं का फायदा पूरे परिवार को भी मिला। महाराष्ट्र में परिवार के अन्य सदस्यों की बचत बढ़ी और खर्च कम हुआ। ओडिशा में भी परिवार के खर्च में कमी देखी गई।

## राहुल गांधी जयपुर में बस-ट्रक की बॉडी बिल्डिंग वर्कशॉप पहुंचे



ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

राहुल गांधी राजस्थान के जयपुर में बस और ट्रक की बॉडी बनाने वाली वर्कशॉप में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां काम करने वाले कारीगरों और उद्योग से जुड़े लोगों से बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाया- मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल सिर्फ नारे बनकर रह गए हैं। मोदी सरकार बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही हैं। तकनीकी खराबी के कारण बसों में लगने वाली आग का दोष उन कारीगरों पर लगाया जा रहा है, जो केवल गाड़ी की बॉडी तैयार करते हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर मुलाकात का वीडियो शेयर किया। राजस्थान के स्थानीय बस और ट्रक बॉडी-बिल्डर्स से मुलाकात के दौरान ऐसा भारत देखने को मिला, जो अपने दम पर रोजगार पैदा करता है। लोहे की चादरें, वेल्डिंग की चिंगारियां, हथौड़ों की आवाज इन सबके बीच कारीगर अपनी मेहनत और हुनर से भारत का भविष्य गढ़ रहे हैं। जयपुर की बस-ट्रक बॉडी बिल्डिंग वर्कशॉप में ऐसा भारत दिखता है, जो अपने हाथों से रोजगार भी पैदा करता है और देश की रफ्तार भी तय करता है। छोटे उद्योग बंद होने से सिर्फ फैक्ट्री नहीं, बल्कि लोगों का हुनर और रोजगार भी खत्म होता है। हम कारीगरों का हक नहीं छिनने देंगे। फेरारी और रोल्स-रॉयस जैसी कंपनियों के स्तर का हुनर रखने वाले इन कारीगरों को मदद मिलने के बजाय नियमों के बोझ से काम बंद करना पड़ रहा है।

# मौत से 3 घंटे पहले कॉल, ऑफिस में पार्टी की, दिल्ली में नवविवाहिता की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

### परिवार बोला- ये सुसाइड नहीं मर्डर है

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



दिल्ली की लोधी कॉलोनी में एक नवविवाहिता की मौत के मामले में नए खुलासे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक शनिवार को 28 साल की आकृति सुतार फ्लैट्स की तीसरी मंजिल से गिर गईं थीं। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। हालांकि परिवार इसे सुसाइड नहीं मर्डर बता रहा है।

परिवार ने बताया कि, शनिवार को आकृति न सिर्फ ऑफिस गई थीं, बल्कि उन्होंने अपने साथियों के लिए एक छोटी सी पार्टी भी दी थी। उनका कहना है कि यह डिप्रेशन का संकेत नहीं था।

इसके अलावा, आकृति ने शाम करीब 6 बजे अपनी मां से बात की थी और उस समय वह बिल्कुल सामान्य लग रही थीं। उन्होंने पार्टी के बारे में बात की और कहा कि वह घर लौट रही हैं। फिर तीन घंटे बाद कोई सुसाइड कैसे कर सकता है। पुलिस के मुताबिक आकृति दक्षिण दिल्ली के पुष्प विहार की रहने वाली थीं और छतरपुर की एक निजी कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर काम करती थीं। आकृति के परिवार ने पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि घटना को आत्महत्या का रूप देकर आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति उसकी पिटाई करता था और दहेज को लेकर उसे लगातार परेशान किया जाता था। परिजनों के अनुसार, यह लव-कम-अरेंज मैरिज थी।

## पति की बहन आकृति की दोस्त थी



आकृति की दोस्ती पहले अरस्तु की बहन अगस्तिका सिक्का से हुई थी, फिर अरस्तु के साथ उसका रिश्ता बन गया। ऐसे में उसकी मौत बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आकृति के चाचा मनंजय सुतार ने बताया कि आकृति ने शाम करीब 6 बजे अपनी मां से बात की थी। दो घंटे बाद यानी रात करीब 8 बजे परिवार को उनके पति का फोन आया। जिन्होंने बताया कि वह लापता हो गई हैं। करीब 90 मिनट बाद पुलिस ने उन्हें सूचना दी कि पालिका कुंज में एक महिला का शव मिला है।

■ वर्ष-12 अंक-244 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 07 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

सत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात न ब्रूयात सत्यं प्रियम।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात एष धर्मः सनातनः।।

**भावार्थ** : सच बोलो प्यारे, सच मत बोलो जो आपत्तिजनक हो, झूठ मत बोलो जो मीठा हो।

आनृशंस्यं क्षमा सत्यं अहिंसा दम आर्जवः।
प्रीतिः प्रसादो माधुर्यं मार्दवं च यमा दश।।

**भावार्थ** : निर्दयी, क्षमाशील, सत्यवादी, अहिंसक, गतिशील (अपनी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त करना), ईमानदारी न होना। प्रेम, स्पष्ट और सरल विचार, सभी के प्रति दया और दया, इन दस आज्ञाओं और कर्तव्यों को शास्त्रों द्वारा नैतिक गुणों के लिए समझाया गया है।

## सम्पादकीयम्

### सर्वोच्चन्यायालयस्य अवलोकनम्

सर्वोच्चन्यायालयस्य अवलोकनम्: पूर्वं कागदस्य लीकस्य कारणेन चिकित्साप्रवेशपरीक्षा रद्दी कर्तव्या आसीत्। तदनन्तरं सीबीएसई-संस्थायाः पर्दा-चिह्न-व्यवस्थायाः विषये विवादः उत्पन्नः। एतेषां विषयाणां पूर्णसमाधानात् पूर्वं नीट-यूजी संकटः उद्भूतः। केवलं एकदिनपूर्वं मे-मासस्य २९ दिनाङ्के सर्वोच्चन्यायालयेन नीट-यूजी प्रकरणस्य श्रवणं कृतम्; तस्मिन् सुनवायीकाले न्यायालयेन कृतानां अवलोकनानां कार्यवाही आवश्यकी अस्ति। निवारकपरिहाराः एनटीएद्वारा कृताः अधिकांशः उपायाः सुधारात्मकाः भवन्ति-दोषस्य अनन्तरं एव सम्बोधिताः भवन्ति-यत्र सक्रियनिवारकपरिहारस्य आवश्यकता वर्तते। उत्तरदायित्वं स्थापनीयं, ये स्वदायित्वं प्रभावीरूपेण न निर्वहन्ति तेषां विरुद्धं कार्यवाही कर्तव्या। छात्रेषु दबावः परीक्षायाः पुनः संचालनं, पुनः समयनिर्धारणं, अनुग्रहाङ्कप्रदानं वा इत्यादयः उपायाः यदा कदा स्वीकार्याः भवेयुः, परन्तु ते आदर्शः न भवितुम् अर्हन्ति। छात्रः वर्षभरि परीक्षायाः सज्जतां करोति; तेषां उपरि यः दबावः भवति सः तेषां मातापितृणां उपरि दबावेन सह सङ्गतः भवति। अन्यः अवसरः : देशस्य प्रमुखपरीक्षाणां संगठितसञ्चालनं सुनिश्चित्य एनटीए-संस्थायाः स्थापना अभवत्।

#### तत्काल ऋणघोटाले व्यापारी 8.91 लक्षरूप्यकाणां धोखाधड़ीं कृतवान्

## एआइ-जनित-वीडियो-सहितं ब्लैकमेल-कृतम् जालसाजकाः बहुविधऋण-अनुप्रयोगानाम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर



मध्यप्रदेशस्य ग्वालियर-नगरस्य एकः व्यापारी २०,००० इत्येव तत्क्षणं ऑनलाइन-ऋणस्य प्रतिज्ञां कृत्वा लोभितः सन् विशालसाइबर-धोखाधडस्य शिकारः अभवत् अन्ततः सः ८.९१ लक्षरूप्यकाणां मध्ये ठगः अभवत्। जालसाजकाः प्रथमं तं बहुविधऋण-अनुप्रयोगानाम् अवतरणं कर्तुं वञ्चितवन्तः, तस्मात् तस्य सर्वान् दत्तांशान् प्राप्तुं शक्नुवन्ति स्म। तदनन्तरं एआइ-प्रौद्योगिक्याः उपयोगेन ते व्यापारिणः दृश्यमानानि अश्लील-वीडियानि निर्माय एतानि भिडियानि तस्य ज्ञातिभ्यः प्रेषयितुं धमकी दत्त्वा निरन्तरं ब्लैकमेलं कृतवन्तः व्यथिता पीडिता साइबर हेल्पलाइने शिकायतां कृतवती, येन जनकगञ्जपुलिसः प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धवान्।

जीवाजीगञ्जक्षेत्रे (जनकगञ्जपुलिसस्थानसीमायाः अन्तर्गतं) गेण्डेवली सदाकनिवासी ३८ वर्षीयः शफीकखानः प्रयुक्तवाहनानां क्रयविक्रययोः सौदां करोति। सः पुलिसं सूचितवान् यत् फेब्रुवरी-मासस्य २२ दिनाङ्के स्वदुकाने स्थित्वा व्हाट्सएप्-इत्यत्र द्वयोः भिन्नयोः अज्ञातसङ्ख्यायोः कालः प्राप्तः। आह्वानकर्तृभिः तस्मै तत्क्षणमेव २०,००० इत्येव ऑनलाइन ऋणं प्रदत्तम्।

धनस्य आवश्यकतां प्राप्य शफीकः प्रस्तावम् अङ्गीकृतवान्। तस्य मोबाईले प्रेषितं लिङ्क क्लिक कृत्वा ऋणस्य एप् डाउनलोड् अभवत्, ततः किञ्चित्कालानन्तरं तस्य खाते 9,000 जमा अभवत्। पश्चात् अवशिष्टं ऋणराशिं वितरितुं बहानेन जालसाधकाः तं क्रमेण कुलम् नव भिन्नानि ऋण-एप्स् डाउनलोड् कर्तुं कृतवन्तः। एतेषां एप्स्-माध्यमेन तस्य खाते कुलम् ३३,००० निक्षिप्तम्। शफीकः निर्धारितसमयान्तरे व्याजसहितं ऋणराशिं ऑनलाइन-रूपेण परिशोधितवान्; तथापि धोखाधड़ीः विविधशुल्कं व्याजशुल्कं च योजयित्वा अतिरिक्तधनस्य आग्रहं कुर्वन्ति स्म। इदानीं डाउनलोड् कृतानां एप्स्-माध्यमेन साइबर-अपराधिभिः तस्य मोबाईलस्य सम्पर्कसूचीं, फोटो-गैलरी, स्थान-दत्तांशः, अन्य-व्यक्तिगत-सूचनाः च पूर्णतया प्राप्ताः।

अन्वेषणेन ज्ञातं यत् एआइ-प्रौद्योगिक्याः उपयोगेन अश्लीलचित्रं, भिडियो च निमातुं तस्य मोबाईल-गैलरीतः छायाचित्रं प्रयुक्तवन्तः जालसाजकाः। तदनन्तरं ते व्यापारिणः ज्ञातिभ्यः परिचितेभ्यः च सामग्रीं प्रेषयितुं धमकीम् अयच्छन्। एतेषु केभ्यः व्यक्तिभ्यः ते भिडियो प्रेषयित्वा अपि दबावं कृतवन्तः। सामाजिककलङ्कस्य भयात् शफीकः धनं प्रेषयति स्म, तस्मात् कुलम् ८.९१ लक्षरूप्यकाणां ठगी एवं कृता। यदा ब्लैकमेलिंग् न निवृत्तं तदा सः साइबर हेल्पलाइन् इत्यनेन सह सम्पर्कं कृत्वा शिकायतां कृतवान्।

पुलिस-अनुसारं जालसाजकाः पीडितः स्वस्य मोबाईल-फोने अनेकाः संदिग्ध-ऋण-एप्स-इत्येतत् संस्थापयितुं कृतवन्तः, यथा इजी-लोन्, डेली-लोन्, जूम-कैश, क्विक-रूप्यकम्, एफए-वॉलेट्, फ्लेक्सी-लोन्, मैक्स-लोन्, यू-क्रेडिट्, टाइम्परसे च एतेषां एप्स्-इत्यस्य उपयोगः मोबाईल-यन्त्रस्य पूर्ण-प्रवेशं प्राप्तुं, साइबर-अपराधस्य निष्पादनार्थं च कृतः। जनकगञ्जपुलिसः साइबर सेलः च अस्य विषयस्य अन्वेषणं कुर्वन्ति। अभियुक्ताः कस्य गिरोहस्य सन्ति इति निर्धारयितुं पुलिसाः प्रयतन्ते, येषु बैंकखातेषु ठगं धनं स्थानान्तरितम् इति च चिन्तयितुं प्रयतते। अधिकारिणः जनसामान्यं आग्रहं कृतवन्तः यत् अज्ञातलिङ्केषु क्लिक न कुर्वन्तु, सत्यापनं विना ऋण-एप्स-अवलोकनं।

#### हार्दिकपाण्ड्या-महिकाशमायीः

## विवाहस्य विषये अटकाः वर्धन्ते; वायरल् फोटो अफवाः स्फुरति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

भारतीयक्रिकेट्-क्रीडकस्य हार्दिकपाण्ड्या-माडल-अभिनेत्री-महिका-शर्मा-योः विवाहस्य विषये सामाजिक-माध्यमेषु अफवाः तीव्राः अभवन्। एतत् एकस्याः वृद्धायाः पार्श्वे द्वयोः दृश्यमानस्य वायरल्-फोटो-प्रसारणस्य अनन्तरं भवति। बिम्बे महिका पारम्परिकवेषेण दृश्यते, हार्दिकस्य ललाटे *तिलकः* अस्ति। अस्य चित्रस्य आधारेण केचन सामाजिकमाध्यमप्रयोक्तारः दावान् कुर्वन्ति यत् द्वयोः गुप्तविवाहः अभवत्; तथापि एतावता अस्य दावस्य आधिकारिकपुष्टिः न प्राप्ता।

अस्य वायरल्-चित्रस्य कारणेन अन्तर्जाल-माध्यमेन विविधाः अनुमानाः उत्पन्नाः सन्ति। केचन सामाजिकमाध्यमप्रयोक्तारः तत् चित्रं निजीविवाहसमारोहेण सह सम्बध्दयन्ति, अन्ये तु तत् चित्रं पारिवारिकस्य धार्मिककार्यक्रमस्य वा चित्रं इति वर्णयन्ति। सम्प्रति केवलं छायाचित्रस्य आधारेण विवाहस्य पुष्टिः कर्तुं न शक्यते। अस्य विषयस्य विषये न हार्दिकपाण्ड्या, न महिकाशर्मा आधिकारिकं वक्तव्यं प्रकाशितवन्तः। न द्वयोः अपि विवाहस्य पुष्टिः कृता, न च सामाजिकमाध्यमेन अन्यमाध्यमेन वा सूचनाः अङ्गीकृताः। फलतः वायरल-दावाः स्वतन्त्रतया असत्यापिताः एव तिष्ठन्ति। हार्दिकपाण्ड्या महिकाशर्मा इत्यनेन सह किञ्चित्कालात् सम्बद्धः अस्ति। २०२५ तमस्य वर्षस्य अक्टोबर-मासे हार्दिकः महिका-सहितं एकं फोटो सामाजिक-माध्यमेषु साझां कृतवान्, येन तयोः सम्बन्धस्य विषये अटकाः उत्पन्नाः। ततः परं द्वयोः विषये विविधाः अफवाः समये समये उद्भवन्ति। महिका शर्मा इति फैशनजगति प्रसिद्धं नाम। सा अनेकानाम् प्रमुखानां फैशनपत्रिकाणां आवरणपत्रेषु दृश्यते, विभिन्नानां ब्राण्ड्-विज्ञापन-अभियानानां भागः अपि अभवत्।

## वैश्विकप्रक्षेपणविपण्ये प्रतिस्पर्धां कर्तुं अवसरं च प्रदातुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

विक्रम-१ इत्यस्य सफलेन उड्डयनेन भारतस्य अन्तरिक्ष-उद्योगे निजीक्षेत्रस्य सहभागितायाः नूतना दिशा भविष्यति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। लघुमध्यम-आकारस्य उपग्रहाणां प्रक्षेपणव्ययस्य न्यूनीकरणं, निजीनिवेशं वर्धयितुं, भारतीयकम्पनीभ्यः वैश्विकप्रक्षेपणविपण्ये प्रतिस्पर्धां कर्तुं अवसरं च प्रदातुं शक्यते इति अपेक्षा अस्ति अपि च, अन्तरिक्षप्रौद्योगिक्याः, निर्माणस्य, अनुसन्धानस्य च क्षेत्रेषु रोजगारस्य, नवीनतायाः च त्वरितता भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। भारतं विगतकेषु वर्षेषु अन्तरिक्षक्षेत्रे नूतनानि माइलस्टोन्स् निरन्तरं प्राप्नोति।

### राशिफल

**मेष** : प्रोडक्टिव बने रहें। आपकी ईमानदारी लव लाइफ और नौकरी दोनों में काम आएगी। सकारात्मक परिणाम देखें।

**वृषभ** : कोई बड़ी पैसों को प्रॉब्लम नहीं होगी। आज आपका स्वास्थ्य भी नॉर्मल है। सेल्फ लव पर ध्यान दें।

**मिथुन** : परिवर्तन से आपको लाभ होगा। इस बात का ध्यान रखें कि आज आपका लव अफेयर अच्छा बना रहे।

**कर्क** : मौकों की तलाश करें। धन का आगमन होगा और धनी बने रहने के लिए खर्च पर कंट्रोल करें।

**सिंह** : आज सफल पेशेवर जीवन के साथ-साथ खुशहाल लव लाइफ का आनंद लें। समझदारी से पैसों का इंवेस्टमेंट करें।

**कन्या** : सेहत के मामले में भाग्य साथ देगा। अपने बॉस का खास बनने की आपकी कोशिश में थोड़ा समय लगेगा।

**तुला** : अपनी स्किल्स साबित करने के लिए नए टास्क लें। स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत नहीं होगी।

**वृश्चिक** : नई जिम्मेदारियां आपको व्यस्त रखेंगी लेकिन वित्तीय समृद्धि बनी रहेगी। पैसों को स्मार्ट तरीके से करें मैनेज करें।

**धनु** : आज का दिन हलचल से भरपूर रहने वाला है। आज चीजें आपके हाथ से बाहर हो सकती हैं।

**मकर** : ऑफिस में शांत रहें। आपका इंट्यूशन कभी आपको गलत फीलिंग नहीं देगा। वित्तीय मामलें में समृद्धि आपके पक्ष में है।

**कुंभ** : आज सेहत चिंता का विषय रहेगी। लोगों का आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। रिश्तों में ईमानदारी बहुत जरूरी है।

**मीन** : हेल्थ के मामले में भी दिन पॉजिटिव है। आज के दिन अपनी लव लाइफ में भी कूल बिहेवीयर बनाए रखें।

### ज्योतिष/वास्तु

## शनि-गुरु की बदली चाल से सावन के महीने में इन राशियों को होगा जबरदस्त फायदा

जुलाई माह में गुरु अस्त होंगे और शनि उल्टी चाल चलेंगे। जिससे कई राशि वालों के लिए सावन के महीने में लाभ और अच्छी सूचनाएं सुनने को मिल सकती है।

जुलाई का महीना ग्रहों के गोचर के हिसाब से बहुत ही अहम रहने वाला है। कुछ दिन बाद शनि और गुरु की चाल में बदलने वाली है। जुलाई माह में गुरु अस्त होंगे जबकि शनि वक्री होंगे और सावन का महीना भी शुरू होगा। इस तरह से सावन के महीने में दो प्रमुख ग्रह अपनी बदली हुई चाल में रहेंगे। पंचांग के अनुसार, 16 जुलाई को गुरु अस्त होंगे और 27 जुलाई को शनि उल्टी चाल से चलेंगे। शनिदेव की यह उल्टी चाल 138 दिनों तक रहेगी। सावन में शनि की उल्टी चाल और गुरु का अस्त होना कुछ राशि वालों को लाभ दे सकता है। आइए जानते हैं किन राशि वालों को लाभ मिल सकता है।



**सिंह राशि-** सावन में शनि की उल्टी चाल और गुरु का अस्त होना सिंह राशि वालों के लिए बहुत ही फायदेमंद रहेगा। इस दौरान जो लोग सरकारी नौकरी में हैं उनको प्रमोशन से संबंधी कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि को योग हैं। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए सावन के महीने में शनि का वक्री होना और गुरु का अस्त होना बहुत ही अच्छा और शुभ साबित होगा। करियर-कारोबार के लिहाज से आने वाला समय अच्छा रहेगा। परिवार में खुशहाली का माहौल बना रहेगा। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति काफी बेहतर रहेगी। लेन-देने के मामले में आपको कुछ पुराने उधार के पैसे वापस मिल सकता है। आय के अतिरिक्त स्त्रोतों में इजाफा हो सकता है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए शनि का वक्री होना और गुरु का अस्त होना अच्छा रहेगा। धन लाभ के अवसरों में वृदि होगी। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही बेहतर रहेगी। जो लोग बेरोजगार हैं उनको नई नौकरी के कुछ अच्छे और बेहतर अवसर मिल सकते हैं। इस दौरान निवेश के लिहाज से समय अच्छा रहेगा। अतिरिक्त आय के अवसरों में वृद्धि होगी।

#### स्पेन ने 1-0 से हराया, गोलकीपर सिमोन ने लगातार छठे मैच में नहीं खाया गोल

## रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल फुटबॉल वर्ल्डकप से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आर्लिंग्टन





स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानों रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। उसे मंगलवार को राउंड ऑफ 16 मुकाबले में स्पेन ने 1-0 से हराया। इस हार के बाद 41 साल के रोनाल्डो ने अपने करियर का आखिरी वर्ल्ड कप खेल लिया।

डलास स्टेडियम से बाहर जाते समय फैंस ने खड़े होकर रोनाल्डो का सम्मान किया। उन्होंने गंभीर चेहरे के साथ फैंस का अभिवादन किया, इससे यह साफ था कि वे अपने वर्ल्ड कप करियर का अंत जीत के साथ करना चाहते थे।

**लगातार छह मैचों में गोल नहीं खाने का विश्व रिकॉर्ड-** स्पेन वर्ल्ड कप इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों तक गोल नहीं खाने वाली टीम बन गई। स्पेन ने लगातार छठे मैच में गोल नहीं खाया है। स्पेन ने इटली (1990) और स्विट्जरलैंड (2006-10) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दोनों टीमों ने लगातार 5-5 वर्ल्ड कप मैचों में कोई गोल नहीं खाया था। स्पेन की क्लीन शीट का सिलसिला 2022 वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में मोरक्को के खिलाफ 0-0 ड्रॉ से शुरू हुआ था। हालांकि, उस मैच में मोरक्को पेनल्टी शूटआउट में आगे बढ़ गया था। मौजूदा वर्ल्ड कप में स्पेन ने ग्रुप चरण में केप वर्डे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला, जिसके बाद लगातार चार मैचों में क्लीन शीट रखते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

29 साल के गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाकर वर्ल्ड कप का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ नॉकआउट मुकाबले में इटली के दिग्गज गोलकीपर वाल्टर जेंगा का 517 मिनट का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा था। सिमोन ने 2022 वर्ल्ड कप में जापान के खिलाफ 2-1 गोल खाया था।

**रोनाल्डो 2006 में खेला था पहला विश्व कप-** रोनाल्डो ने 2006 वर्ल्ड कप में डेब्यू किया था। उसी टूर्नामेंट में पुर्तगाल को सेमीफाइनल तक पहुंचाया, जो उनके वर्ल्ड कप करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। 2018 विश्व कप में स्पेन के खिलाफ ग्रुप मुकाबले में उन्होंने यादगार हैट्रिक लगाई थी। 3-3 से समाप्त हुआ वह मैच विश्व कप इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में गिना जाता है।

### रोनाल्डो के खिलाफ दो बचाव किए

- सिमोन ने पुर्तगाल के खिलाफ पहले हाफ में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो प्रयास विफल किए। इनमें एक शानदार डाइविंग सेव भी शामिल रही, जब उन्होंने हवा में रहते हुए दोनों हाथों से गेंद को पकड़ लिया। इस वर्ल्ड कप में सिमोन को अब तक बेहद कम चुनौती मिली है।
- ऑस्ट्रिया के खिलाफ विपक्षी टीम का कोई भी शॉट लक्ष्य पर नहीं था, जबकि पूरे टूर्नामेंट में पुर्तगाल मैच से पहले उन्हें केवल चार सेव ही करनी पड़ी थीं। स्पेन अब इसी मजबूत डिफेंस के दम पर वर्ल्ड कप खिताब की दौड़ में सबसे मजबूत दावेदारों में शामिल हो गया है।

## श्रेयस की कप्तानी में भारत अब तक नहीं जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नॉटिंघम

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला मंगलवार को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समय के हिसाब से रात 10 बजे शुरू होगा। इंग्लैंड सीरीज में 1-0 से आगे है। पहला मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा था, जबकि दूसरे मैच में इंग्लैंड ने 191 रन का टारगेट 4 विकेट से हासिल कर बढ़त बनाई थी।

भारत अगर यह मैच हारती है तो सीरीज जीतने की उम्मीद खत्म हो जाएगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक एक भी मैच नहीं जीत सका है। वे लगातार 4 मैच गंवा चुके हैं। क्ढछ समेत पिछले 10 टी-20 में श्रेयस 9 मैच हार चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 32 टी-20 खेले गए हैं। इनमें भारत ने 18 और इंग्लैंड ने 13 मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर सबकी नजरें रहेंगी। दूसरे टी-20 में डेब्यू करने वाले वैभव ने 10 गेंदों में 14 रन बनाए थे। वे 15 साल 99 दिन की उम्र में भारत के सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बने। बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि टीम मैनेजमेंट ने वैभव से सिर्फ अपना नेचुरल गेम खेलने को कहा है।

## सैमसन जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर, सूर्यवंशी को फिर मौका



### लगातार तीसरी सीरीज में चुने गए रिंकू सिंह और मयंक यादव की वापसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने जिम्बाब्वे में 23 से 26 जुलाई तक होने वाली टी-20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है। बोर्ड ने उनको बाहर करने की कोई वजह भी नहीं बताई है। वहीं, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को लगातार तीसरी सीरीज के लिए टीम में रखा गया है।

इंग्लैंड-आयरलैंड की टी-20 टीम की तुलना में भारत ने 6 बदलाव किए हैं। रिंकू सिंह और मयंक यादव की वापसी हुई है। प्रभसिमरन सिंह, यश ठाकुर, अशोक शर्मा और हर्ष दुबे को पहली बार टी-20 टीम में चुना गया है। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यह नहीं बताया कि संजू को बाहर किया गया है या आराम दिया गया है। सैमसन ने हाल ही में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन पारियों में 5, 0 और 1 रन बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में भी उन्हें प्लेइंग-11 से बाहर कर वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू का मौका दिया गया था। भारत के सबसे युवा इंटरनेशनल क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी टीम में रखा गया है।

## खबर एक नजर...

### सराहनीय काम करने पर 2 नव आरक्षक सम्मानित

**उज्जैन।** शहर में नव आरक्षकों की नियुक्ति होने के बाद उन्हे शहर की यातायात व्यवस्था की कमान सौंपी गई है। हर चौराहा से लेकर धार्मिक स्थलों के आसपास नव आरक्षक व्यवस्था को संभाल रहे। जिन पर एसपी प्रदीप शर्मा की नजर बनी हुई है। सोमवार को मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था संभाल रहे नव आरक्षक सविता डावर और अनुराग (जिला श्योपुर) कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए एसपी शर्मा द्वारा दोनों को पुलिस कंट्रोलरूम पर प्रशस्ती पत्र के साथ 500-500 रुपए का नगद पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी द्वारा दोनों नव-आरक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठापूर्वक कार्य करने की बात कहीं। सिंहस्थ 2028 को देखते हुये शहर में नव आरक्षकों को मैदान में उतारा गया है। जो यातायात व्यवस्था संभालने का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर रहे है।

### नाले में मिली युवक की लाश, नहीं हुई पहचान

**उज्जैन।** आगररोड आकाश पेट्रोल पंप के सामने सोमवार सुबह नाले में एक युवक का शव पड़ा होने की खबर मिलने पर चिमनगंज थाना एसआई सुरेन्द्र मंडलोई टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। युवक का शव नाले से बाहर निकाला गया और आसपास के लोगों से उसकी जानकारी जुटाने के प्रयास किये। किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। पुलिस ने मृतक के कपड़े की तलाशी ली, लोअर की जेब से देशी शराब का क्वार्टर और तम्बाकु की पुड़िया मिली। शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया और मामले में मर्ग कायम किया गया। एसआई मंडलोई ने बताया कि मृतक के हाथ पर ओम गुदा है और अंग्रेजी में एम लिखा हुआ है। उसकी मूंछे लम्बी है। आसपास के थाना क्षेत्र से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। मंगलवार दोपहर तक पहचान नहीं हुई तो पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया जायेगा। आशंका है कि शराब का नशा अधिक होने पर नाले में गिरा होगा। बारिश के चलते नाले में पानी काफी अधिक होने पर उसकी डूबने से मौत हुई, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

### आटोज इंजीनियरिंग फैक्ट्री मैनेजर पर दर्ज हुआ केस

**उज्जैन।** 14 दिन पहले पंवासा थाना क्षेत्र के नीमनवासा स्थित आटोज इंजीनियरिंग फैक्ट्री में काम करते समय पहली मंजिल की सीढ़ियों से सुनील पिता राधेश्याम सोलंकी 24 साल निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी गिरकर घायल हो गया था। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी एक दिन बाद मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के दौरान भाई मनोज ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि घटना के चार घंटे तक परिजनों को सूचना नहीं दी गई थी। सुनील को 3 से 4 अस्पताल ले जाया गया था। जिसके चलते उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। यह हादसा नहीं लापरवाही से हुई हत्या है। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। पंवासा थाना एसआई मितेश ने बताया कि रविवार को जांच में आये तथ्यों और फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ मृतक के परिजनों के बयान पर फैक्ट्री मैनेजर मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल रशीद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1), 290 में प्रकरण दर्ज कर लिया। जल्द चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### देवासरोड पर शराबी चालक ने कार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** देवासरोड पर रविवार-सोमवार रात शराब के नशे में हुंडाई कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 2292 चला रहे चालक ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। आगे कार में सुधीर पिता विजय भारती निवासी प्रकाश नगर हाल मुकाम पार्श्वनाथ सिटी नागझिरी सवार था, जिसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। हुंडाई कार चालक से देखकर चलाने की बात कहीं तो उसने नशे में गाली-गलौच की और कार लेकर भाग निकला। नागझिरी थाना पुलिस ने सुधीर भारती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। नम्बर के आधार पर चालक की तलाश जारी है। 2 कारों की टक्कर का दूसरा मामला इंजीनियरिंग कॉलेज तिराहा रात 11.40 बजे हुआ। देवांश पिता परितोष साहनी निवासी अहिल्यानगर इंदौर की कार को पीछे से आई अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद उक्त चालक अपनी कार लेकर भाग निकला। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने देवांश साहनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

### पंडित ओम व्यास ओम की स्मृति में हास्य एवं व्यंग्य सम्मान समारोह आयोजित होगा



**उज्जैन।** पंडित ओम व्यास ओम स्मृति 16 वां सम्मान समारोह का आयोजन 8 जुलाई 2026 बुधवार को प्रातः 9 बजे तरणताल स्थित राधा पार्क में किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक स्वामी मुस्कुराके, शैलेंद्र व्यास एवं हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट ने बताया कि हास्य सम्मान इंदौर के कवि प्रदीप नवीन एवं धुरंधर व्यंग्य अलंकरण रतलाम के जुझार सिंह भाटी को दिया जा रहा है। इस अवसर पर कमल पटेल एवं संगीता तल्लेरा काव्य पाठ करेंगे, प्रेमचंद सृजन पीठ के निर्देशक मुकेश जोशी, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि अशोक भाटी , दिनेश दिग्गज, प्रेम सिंह यादव दिनेश दयावान उपस्थित रहेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 478-9 | 249-5 |
| मेन बाजार | 189-8 | 145-0 |
| मिलन डे | 130-4 | 567-8 |
| मिलन नाइट | 770-4 | 127-0 |

2 8 9

---

#### 48 दिन बाद गिरफ्त में आया, 10 हजार का था इनाम

# व्यापारी को सोने बदले डिब्बे में भेजा था कलाकंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। कस्टम का सोना सस्ते में दिलाने का झांसा देकर डिब्बे में कलाकंद भेजने वाला 48 दिन बाद गुजरात से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम रखा गया था। सोमवार को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

सेठीनगर में रहने वाले अजय जाधव की शिकायत पर माधवनगर थाना पुलिस ने 18 मई को पीजीबीटी ग्राउंड से रोहित उर्फ अंकुर पिता प्रदीप जोशी निवासी कच्छ गुजरात को पकड़ा था। जो अजय जाधव को मिठाई के डिब्बे में सोना (गोल्ड) देने आया था। लेकिन डिब्बे में कलाकंद निकला था। रोहित को गुजरात के पाटन स्थित ग्राम दादका के रहने वाले सुरेश उर्फ राज पिता कांतिलाल जोशी ने भेजा था। जिसने कस्टम का सोना सस्ते दाम में दिलाने का झांसा देकर 9.80 लाख की धोखाधड़ी की थी। रोहित उर्फ अंकुर के हिरासत में आने पर उसे 6 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। वहीं उसे भेजने वाले सुरेश उर्फ राज को मुख्य आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम, आरक्षक देवराजसिंह और देवीसिंह की टीम गठित की थी। 48 दिन बाद जानकारी मिलने पर टीम गुजरात के पाटन पहुंची और फरार इनामी आरोपी को दबोच लिया गया। जिसे उज्जैन लाकर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।



### अजय की 2023 में हुई थी पहचान

सस्ता सोना खरीदने के झांसे में उलझे अजय ने शिकायत में बताया था कि वर्ष 2023 में वह मुम्बई गया था, जहां उसकी मुलाकात राज नामक युवक से हुई थी। जिसने खुद को गुजरात के कच्छ भुज का रहने वाला बताया था और कहाकि उसके पास कस्टम का गोल्ड आता है। जिसे सस्ते में दिलवा देगा। इसी के चलते उसकी बातों में आ गया। उज्जैन लौटने पर संपर्क में रहा, लेकिन कस्टम का इशु चलने की बात कहकर गोल्ड भेजने से मना करता रहा। कुछ समय पहले उसने गोल्ड भेजने की बात कहीं और कुछ रूपयों का ऑनलाइल ट्रांजेक्शन करा लिया। बाद में रोहित को उज्जैन भेजा और 7.62 लाख रुपए मंगवाये। रुपए देने के बाद रोहित लौट गया। 18 मई को रोहित एक डिब्बा लेकर आया और उसमें गोल्ड होने की बात कहकर डिब्बा दिया। जिसके बाद वह चला गया, लेकिन डिब्बा खोला तो वह मिठाई का था, जिसमें कलाकंद रखा हुआ था।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करता था धोखाधड़ी

एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि मुख्य आरोपी राज उर्फ सुरेश जोशी पिछले 10 सालों से मुम्बई में निवास कर रहा है। उसकी पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी है। वह मुम्बई में बार क्लब में मौज मस्ती करता है। रूपयों की जरूरत होने पर वह बाहर से बार में आने वाले लोगों को अपने झांसे में फंसाता था और कस्टम का सोना आने की बात कहता था। उन्हे गोल्ड के फोटो वीडियो भी दिखाता था। जिसके चलते लोग उसके झांसे में आ जाते थे। वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है। रिमांड पर पूछताछ में उसे कई सुराग मिल सकते है।

---

#### इंदौर-उज्जैन मार्ग पर हुई घटना, जनहानि नहीं

# गायों की मौत से आक्रोशित लोगों ने जलाई यात्री बस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर से उज्जैन आ रही यात्री बस ने 2 गायों को टक्कर मार दी। दोनों गायों की मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम के बाद लोगों ने बस को रोक लिया। यात्री घबराकर उतर गये, इसी बीच कुछ लोगों ने बस में आग लगा दी। चालक-परिचालक मौके से भाग निकले थे।

बताया जा रहा है कि इंदौर से गोलू शुक्ला ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 09 एफए 7470 उज्जैन आ रही थी। ग्राम रामवासा के समीप बस ने दो गायों को टक्कर मार दी। बस की रफ्तार तेज होने पर दोनों गायों ने मौके पर दम तोड़ दिया। हादसा देख लोगों को गुस्सा फूट पड़ा और उन्होने बस रोक ली। चालक-परिचालक लोगों की भीड़ लगती देख भाग निकले थे। यात्री भी बस से नीचे उतर गये। लोगों का गुस्सा इतना भड़क गया था कि किसी ने बस में आग लगा दी। कुछ देर में बस आग का गोला बन गई। मामले की खबर मिलते ही नानाखेड़ा थाना पुलिस की टीम और फायर बिग्रेड की दमकले मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया जाता उससे पहले बस पूरी तरह से जल चुकी थी। मामले में नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जांच कर पता लगाया जा रहा है कि बस में आग कैसे लगी। बस में सवार यात्री नीचे उतर गये थे, जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं कुछ प्रत्यदर्शियों को कहना था कि गायों को टक्कर लगने के बाद गुस्से में कुछ लोगों ने आग लगाई है।



# 84 महादेव निःशुल्क दर्शन यात्रा 2 अगस्त से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में चतुर्थ 84 महादेव निःशुल्क दर्शन यात्रा का आयोजन 2 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ 2 अगस्त को नानाखेड़ा से ढोल-ढमाकों के साथ पालकी दर्शन और चल समारोह के रूप में होगा। आयोजन की रूपरेखा तय करने को लेकर हाल ही में समाजजनों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

दीपक बेलानी ने बताया कि यह यात्रा प्रेरणास्त्रोत महेश परियानी के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ललित लुल्ला और शेशांत चंदेरिया को आयोजक बनाया गया है। धर्मप्रेमी जनता से इस यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है। यात्रा में शामिल होने के लिए शहर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। आयोजन को लेकर हुई बैठक में विशेष रूप से अरविंद जैन, रमेश गजरानी, प्रीति धानक, महेश गंगवानी, गौरव धाकड़, राजकुमार परसवानी, दीपा वासवानी, ज्योति थानी, हितेश तिवारी, दीपक पांचाल, गौरव पंवार, लोकेश सोनगरा, कमल शाहलानी, अनोखीलाल ऊंधेरी, चंद्रभान सिंह ठाकुर, महेंद्र कटिहार, गोपाल बगरवाल, पारस जैन, विनोद लुल्ला, राजेश लश्करी, खुशी लश्करी और नितिन वासवानी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त किए।

---

# बंदी के लिये केलों में छुपाकर रखे थे बीडी के बंडल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**चैकिंग में उजागर हुआ मामला, रिश्तेदार पर केस**

महिदपुर सबजेल में बंद विचाराधीन बंदी से मुलाकात पर आये रिश्तेदार ने आम और केलों के बीच बीड़ी-माचिस के बंडल छुपाकर देने का प्रयास किया। चैकिंग में मामला उजागर हो गया। जेल प्रहरी की शिकायत पर बंदी और उसके रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि महिदपुर सबजेल अधीक्षक द्वारा विचाराधीन बंदी कृष्णपालसिंह पिता बहादुरसिंह 19 साल निवासी ग्राम बांदका थाना घटिया और उससे मुलाकात पर आये रिश्तेदार दरबारसिंह पिता दुलेसिंह निवासी निपानिया बदर के खिलाफ जेल में प्रतिबंधित सामग्री लाने के मामले में प्रकरण दर्ज करने का पत्र सौंपा गया था। मामले में जांच एएसआई वीपी सिंह को सौंपी गई और प्रहरी राहुल पिता बाबूलाल सिंगारे के कथन दर्ज किये गये। जेल प्रहरी ने बताया कि 16 जून को सबजेल महिदपुर में बंदी के परिजनों से व्यक्तिगत मुलाकात कराने की ड्यूटी थी। इस दौरान विचाराधीन बंदी कृष्णपालसिंह से उसका रिश्तेदार बहादूरसिंह मुलाकात पर आया था। मुलाकात के बाद उसने बंदी को देने के लिये आम और केलो की थैली सौंपी। जिसकी जांच के लिये थैली प्रहरी रवि रावत को दी गई। थैली में कैलो के बीच 3 बीडी के बंडल और 3 माचिस छुपाकर रखी जाना सामने आया। जेल नियमों के मुताबिक बीड़ी-माचिस प्रतिबंधित है। थाना प्रभारी के अनुसार जांच में तथ्यों और प्रहरी के कथन के बाद बंदी और उसके रिश्तेदार के खिलाफ धारा 42 कारागार अधिनियम 1894 और 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

#### भाई की शिकायत पर 1 घंटे में पकड़ाया आरोपी

# दिनदहाड़े घर में घुसकर मूकबधिर युवती से छेड़छाड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिनदहाड़े घर में घुसकर मूकबधिर युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने खबर मिलने के बाद एक घंटे में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम बालोदा लक्खा में रहने वाले सुनील पिता मुन्नालाल ने शिकायत दर्ज कराई कि दोपहर में उसकी 21 वर्षीय मूक बधिर और मानसिक रूप से विक्षिप्त बहन घर में सो रही थी, उसी दौरान गांव का रहने वाला मांगीलाल पिता बगदीराम घर में घुसा और सो रही बहन के साथ छेड़छाड़ करने लगा। मांगीलाल को लगा था कि घर में कोई नहीं है, लेकिन वह घर में था, उसने बहन के साथ छेड़छाड़ कर रहे मांगीलाल को देखा तो आवाज लगाकर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। पुलिस ने सुनील की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी मांगीलाल की गांव में तलाश करने के लिये एसआई मोनिका तिवारी, आरक्षक हितेश निम्बोला, मुकेश नागर ओर महिला आरक्षक मोनिका राव की टीम बनाकर उसके ठिकानों पर दबिश दी गई। एक घंटे बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। आरोपी खेती किसानी का काम करता है। जिसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



---

# मंदसौर में हत्था जोड़ी बेचते महिला सहित 3 आरोपी पकड़ाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में निरंतर रूप से कार्रवाई में तीन आरोपी मानिटर लिजार्ड के अवशेष बेचते पकडे गए थे। मंदसौर वन विभाग की कार्रवाई में भी मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अवशेष (हत्था जोड़ी) की अवैध बिक्री करते हुए तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किए जाने पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

वनमण्डलाधिकारी, मंदसौर संजय रायखेरे को नेहरू बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क गेट के समीप कुछ व्यक्तियों द्वारा वन्यजीव के अवशेषों का अवैध विक्रय किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी । सूचना पर तत्काल एक विशेष दल गठित कर मौके पर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर दल ने 01 महिला एवं 02 पुरुषों को मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अंग (हत्था जोड़ी) कुल 19 नग के साथ अवैध बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 15 जुलाई तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण में विस्तृत विवेचना जारी है।

**ये पकडे गए-** सुरेश सिंह पिता मलेसिंह पारदी, उम्र 54 वर्ष। करोल सिंह पिता मुछालसिंह पारदी, उम्र 36 वर्ष। भारतबाई पति सुरेश पारदी, उम्र 52 वर्ष। तीनों आरोपी ग्राम रूपावली, पोस्ट साबाखेड़ा, जिला मंदसौर के निवासी हैं।

### 3-7 साल कारावास 25 हजार जुर्माना

डीएफओ रायखेरे के अनुसार मॉनिटर लिजार्ड (गोह) वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की प्रथम अनुसूची के अंतर्गत संरक्षित वन्यजीव है। आरोपियों के विरुद्ध परिक्षेत्र मंदसौर अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 3832/16 विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया कइस प्रजाति के अवैध शिकार, व्यापार अथवा इसके अंगों के अवैध क्रय-विक्रय पर 3 से 7 वर्ष तक के कारावास एवं न्यूनतम ?25,000 के जुर्माने का प्रावधान है।

# फ्रीगंज ब्रिज पर रॉन्ग साइड से दौड़ रहे वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के व्यस्त फ्रीगंज ब्रिज पर वाहन चालकों की मनमानी लगातार जारी है। बैरिकेडिंग और पुलिस की कार्रवाई के बावजूद दोपहिया, चारपहिया, स्कूल बसें और अन्य बड़े वाहन रॉन्ग साइड से गुजर रहे हैं। इससे हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यातायात विभाग ने रॉन्ग साइड से वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए ब्रिज पर लंबी बैरिकेडिंग लगाई थी, लेकिन इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए गलत दिशा से निकल रहे हैं। रात्रि के समय लग्जरी बसों सहित अन्य बड़े वाहनों का संचालन बढ़ जाता है। इस दौरान कई बसें भी रॉन्ग साइड से ब्रिज पार करती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। फ्रीगंज ब्रिज के समीप नए पुल का निर्माण कार्य जारी है।

---

# 25 जुलाई से सभी मांगलिक कार्य पर रोक

## 12 साल बाद गजकेसरी योग में गुप्त नवरात्र, बुध पुष्य का भी संयोग रहेगा खास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

25 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास की शुरूआत हो जाएगी। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिए क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। इसी वजह से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत और अन्य मांगलिक कार्य अगले चार माह तक नहीं किए जाएंगे। पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा, यानी 15 जुलाई से गुप्त नवरात्र का आरंभ होगा। इस बार गुप्त नवरात्र 9 दिन तक रहेगी। खास बात यह है कि इसका शुभारंभ 12 साल बाद गजकेसरी योग और बुध पुष्य योग के दुर्लभ संयोग में हो रहा है।

### क्या है खास संयोग?

पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, 15 जुलाई को बुधवार, पुष्य नक्षत्र और कर्क राशि में चंद्रमा की स्थिति रहेगी। चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बनेगा। सामान्यतः गुरु का एक ही राशि में आगमन 12 वर्ष में होता है, इसलिए यह संयोग बेहद विशेष माना जा रहा है।

### भड़ली नवमी पर विवाह नहीं

डिब्बेवाला के अनुसार, गुप्त नवरात्र के दौरान भड़ली नवमी का मुहूर्त रहेगा, लेकिन 16 जुलाई को गुरु तारा अस्त हो जाएगा। इस कारण इस अवधि में विवाह के मुहूर्त मान्य नहीं रहेंगे।

### साल में दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्र


श्रीमद्देवीभागवत महापुराण के अनुसार, वर्षभर में चार नवरात्र आते हैं, जिनमें दो गुप्त और दो प्रकट होते हैं। आषाढ़ और माघ मास के नवरात्र गुप्त नवरात्र कहलाते हैं, जबकि चैत्र और अश्विन मास के नवरात्र प्रकट नवरात्र माने जाते हैं। साधना, उपासना तथा गुप्त विद्याओं के लिए गुप्त नवरात्र विशेष महत्व रखती है।

### साधना और उपासना के लिए विशेष समय

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आषाढ़ और माघ मास की नवरात्र को गुप्त नवरात्र कहा जाता है। यह काल साधना, उपासना और गुप्त विद्याओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

### इस दौरान बनेंगे कई शुभ योग

गुप्त नवरात्र काल में 2 सर्वार्थ सिद्धि योग और 3 रवि योग भी बनेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इन योगों में नई शुरूआत, बैंकिंग, टेक्नोलॉजी, ऑफिस शिफ्टिंग और व्यवसाय से जुड़े कार्य करना शुभ माना जाता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com